वर्ष-3, अंक-318
इन्दौर बुधवार
13 मई 2026
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

# दैनिक राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761,

**चाणक्य नीति**



जिसने अपने मन पर विजय प्राप्त कर लिया, वो किसी भी हार से उबरकर फिर से उठ सकता है।

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

---

पीएम मोदी, शाह और साय की मौजूदगी में...

## हिमंत ने रचा इतिहास, दूसरी बार ली सीएम पद की शपथ




**गुवाहाटी, ईएमएस।** असम की राजनीति में आज एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया जब भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने लगातार दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। गुवाहाटी के खानापारा स्थित वेटरनरी कॉलेज मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने सुबह 11:40 बजे सरमा को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और छत्तीसगढ़ के सीएम साय सहित देश के कई दिग्गज नेता कार्यक्रम में मौजूद रहे।

डॉ. सरमा ने इस शपथ ग्रहण के साथ ही एक अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। वह असम के इतिहास में कांग्रेस के अलावा किसी अन्य दल के पहले ऐसे मुख्यमंत्री बन गए हैं, जिन्होंने लगातार दूसरी बार इस पद की जिम्मेदारी संभाली है। असम में यह भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की लगातार तीसरी सरकार है। गौरतलब है कि एनडीए ने पहली बार 2016 में सर्बानंद सोनोवाल के नेतृत्व में सत्ता हासिल की थी।

---

## नीट-यूजी 2026 रद्द

लाखों छात्रों का भविष्य अधर में, जयपुर से दो लोग हिरासत में, राजस्थान से जुड़े तार, जांच सीबीआई के हवाले...

# पेपर लीक कांड से हिला देश

● नई दिल्ली/जयपुर, ईएमएस

देश की सबसे प्रतिष्ठित मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2026 को पेपर लीक के गंभीर आरोपों के बाद रद्द कर दिया गया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस फैसले की घोषणा की। केंद्र सरकार ने पूरे मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। इस फैसले से देशभर के लगभग 22 से 24 लाख छात्रों और उनके परिवारों में भारी चिंता और असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है।

एनटीए के अनुसार 3 मई 2026 को आयोजित परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र से जुड़ी सामग्री कई राज्यों में प्रसारित होने की शिकायतें मिली थीं। केंद्रीय एजेंसियों और कानून प्रवर्तन संस्थाओं से प्राप्त रिपोर्टों की समीक्षा के बाद सरकार की मंजूरी से परीक्षा रद्द करने का निर्णय लिया गया। एजेंसी ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं की विश्वसनीयता और पारदर्शिता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। एनटीए ने स्पष्ट किया है कि दोबारा होने वाली परीक्षा के लिए छात्रों को नया आवेदन फॉर्म भरने की जरूरत नहीं होगी। पुराना पंजीकरण, परीक्षा केंद्र और अभ्यर्थिता संबंधी विवरण मान्य रहेंगे। अतिरिक्त परीक्षा शुल्क भी नहीं लिया जाएगा।




### मनीष और अविनाश हिरासत में

जयपुर से मनीष यादव और अविनाश लांबा को हिरासत में लिया गया है। यह गिरफ्तारी पूरे मामले में टर्निंग पॉइंट साबित हुई है। जांच एजेंसियों को संदेह है कि इन दोनों की भूमिका उस नेटवर्क को फैलाने में रही है, जिसने परीक्षा से पहले ही प्रश्न बैंक के नाम पर पेपर की सामग्री लीक की थी। हिरासत में लिए गए दोनों युवकों से पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे होने की उम्मीद है।

### सड़कों पर उतरे छात्र संगठन

नीट परीक्षा रद्द होने के बाद एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने 'डॉक्टर की डिग्री बिक रही है' जैसी तख्तियां लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने की कोशिश भी की।

### जल्द घोषित होगी नई परीक्षा तिथि

एनटीए ने कहा है कि पुनर्परीक्षा की नई तारीखें जल्द घोषित की जाएंगी। एजेंसी ने छात्रों और अभिभावकों से अपील की है कि वे केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें और सोशल मीडिया पर फैल रही अपुष्ट खबरों से बचें। अब पूरे देश की नजर सीबीआई जांच और नई परीक्षा तिथि पर टिकी हुई है।

### 5 लाख से 30 हजार तक में बिके...

जांच एजेंसियों के सूत्रों के मुताबिक कथित पेपर शुरुआत में 5 लाख रुपये तक में बेचा गया, जबकि परीक्षा से ठीक पहले यह 30 हजार रुपये तक में छात्रों को उपलब्ध कराया गया। जांच में कई मोबाइल फोन और एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग एप्स के जरिए सामग्री साझा किए जाने के संकेत मिले हैं। कई दस्तावेजों पर 'फॉरवर्डेड मनी टाइम्स' टैग भी मिला है।

### पेपर तक नहीं करा सकती, काहे की सरकारः केजरीवाल

दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने भी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यदि सरकार निष्पक्ष परीक्षा तक नहीं करा सकती तो यह गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने दावा किया कि पिछले वर्षों में भी कई बार पेपर लीक की घटनाएं सामने आई थीं, लेकिन दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई।






नीट पेपर लीक मामला

## राहुल गांधी ने कहा... भ्रष्ट भाजपा व्यवस्था का नतीजा

नीट 2026 की परीक्षा रद्द होने पर राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर हमला कर भ्रष्ट भाजपा व्यवस्था का नतीजा बताया है। एसओजी इस घटनाक्रम को पेपर लीक नहीं मान रही है, लेकिन यह बात मान रही है वायरल गेस पेपर से 120 सवाल हूबहू मुख्य परीक्षा में आए थे। विरोध के बाद इसकी जांच का जिम्मा सीबीआई को दे दिया गया है। वहीं विपक्षी पार्टी केंद्र सरकार पर निशाना साध रही हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लिखा, नीट 2026 की परीक्षा रद्द हुई, 22 लाख से अधिक छात्रों की मेहनत, त्याग और सपनों को इस भ्रष्ट भाजपा व्यवस्था ने कुचल दिया। किसी पिता ने कर्ज लिया, किसी मां ने गहने बेचे, लाखों बच्चों ने रात-रात भर जागकर पढ़ाई की और बदले में मिला पेपर लीक, सरकारी लापरवाही और शिक्षा में संगठित भ्रष्टाचार आपके सामने है। राहुल गांधी ने नीट पेपर लीक को युवाओं के भविष्य के साथ अपराध बताया है। उन्होंने लिखा, यह सिर्फ नाकामी नहीं, युवाओं के भविष्य के साथ अपराध है। हर बार पेपर माफिया बच जाता हैं और ईमानदार छात्र सजा भुगतते हैं। अब लाखों छात्र फिर से वहीं मानसिक तनाव, आर्थिक बोझ और अनिश्चितता झेलनी होगी।

---

## केरल, कांग्रेस का आंतरिक मामला : प्रियांक खरगे

बीजेपी का आरोप, भाई-बहन के बीच फंस गया सीएम का नाम

**नई दिल्ली, ईएमएस।** कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने केरल के मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा में हो रही देरी को लेकर भाजपा द्वारा उठाए गए सवालों को खारिज किया है।

उन्होंने इस मामले को कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे (यूडीएफ) का आंतरिक मामला बताया और भाजपा पर पलटवार कर कहा कि जिसने खुद कर्नाटक में मुख्यमंत्री चुनने में एक माह से अधिक का समय लिया, उन्हें इस मामले में इतनी दिलचस्पी क्यों है। यह बयान विधानसभा चुनावों में यूडीएफ की शानदार जीत के एक सप्ताह बाद भी जारी गतिरोध के बीच आया है। मंत्री खरगे ने कहा, भाजपा को इसमें इतनी दिलचस्पी क्यों है? उन्हें कर्नाटक में मुख्यमंत्री बनाने में एक महीने से ज्यादा का समय लगा। यह हमारा आंतरिक मामला है। यह घटनाक्रम भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला द्वारा कांग्रेस पर तीखा हमला करने के बाद सामने आया, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि कांग्रेस केरल में पांच साल में पांच मुख्यमंत्री देने की योजना तैयार कर रही है। पूनावाला ने कहा कि पूर्ण बहुमत मिलने के बावजूद कांग्रेस मुख्यमंत्री का फैसला नहीं ले पा रही है।

---

## देश का 'नेक्स्ट जेन टेक्नोलॉजी हब' बनेगा मप्र

डिजिटल और तकनीकी अर्थव्यवस्था का प्रमुख ग्रोथ इंजन



**भोपाल, ईएमएस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश उभरते आईटी राज्य से आगे बढ़ते हुए नेक्स्ट जेन टेक्नोलॉजी हब के रूप में अपनी नई पहचान स्थापित कर रहा है। मध्यप्रदेश निश्चित ही आने वाले समय में देश की डिजिटल और तकनीकी अर्थव्यवस्था के प्रमुख ग्रोथ इंजन के रूप में कार्य करेगा।

राज्य सरकार द्वारा जीसीसी, एआई, सेमीकंडक्टर, ड्रोन, स्पेसटेक तथा एवीजीसी-एक्सआर जैसे भविष्य उन्मुख क्षेत्रों में लागू की गई नीतियां प्रदेश को देश की नई तकनीकी शक्ति के रूप में स्थापित कर रही हैं। इन नीतियों से प्रदेश में वैश्विक निवेश को प्रोत्साहन मिलने के साथ युवाओं के लिए रोजगार, नवाचार एवं कौशल विकास के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश तकनीक, नवाचार और कौशल आधारित विकास मॉडल की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### जीसीसी नीति लागू करने वाला देश का पहला राज्य मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने 'ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) पॉलिसी-2025' लागू की है। इस नीति से बहुराष्ट्रीय कंपनियों को टेक्नोलॉजी, अनुसंधान, एनालिटिक्स और साझा सेवाओं के केंद्र स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा पूंजीगत सब्सिडी, भूमि रियायत, किराया सहायता और तकनीकी विशेषज्ञों के लिए वेतन अनुदान जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर जैसे शहरों में विकसित हो रहा आधुनिक आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदेश को निवेश के लिए आकर्षक बना रहा है।

---

## मुंबई में गहराया जल संकट

बीएमसी ने 10 प्रतिशत पानी कटौती की घोषणा की



**मुंबई, ईएमएस।** मुंबई में गहराते जल संकट के बीच, बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने 15 मई से शहर भर में पानी की आपूर्ति में 10 प्रतिशत कटौती की घोषणा की है। यह निर्णय मुंबई को पानी पिलाने वाली झीलों में जल स्तर में भारी गिरावट और इस साल कमजोर मानसून की मौसम विशेषज्ञों की चेतावनी को देखकर लिया गया है। हालांकि, बीएमसी के अधिकारियों ने नागरिकों से घबराने के बजाय सावधानी बरतने की अपील कर आश्वासन दिया है कि आने वाले समय में बड़े संकट से बचने के लिए पानी का वितरण सावधानीपूर्वक किया जा रहा है। बीएमसी के अनुसार, वर्तमान में मुंबई के जलाशयों में उपलब्ध जल भंडार शहर की वार्षिक आवश्यकता का केवल 23.5 प्रतिशत है। कुल मिलाकर, करीब 340,399 मिलियन लीटर पानी बचा है, जबकि शहर को सालाना 14 लाख मिलियन लीटर से अधिक की आवश्यकता होती है।

---

## मंदिरों- स्कूलों के आस-पास शराब के ठेके बंद

तमिलनाडु के सीएम विजय का बड़ा फैसला



**चैन्नई, ईएमएस।** तमिलनाडु के नए सीएम के रूप में शपथ लेते ही विजय पूरी तरह से एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं।

पदभार संभालते ही उन्होंने एक दूरगामी और कड़ा फैसला लेते हुए राज्य में शराब की बिक्री पर नकेल कसने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री ने आदेश जारी किया है कि राज्य में पूजा स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों (स्कूलों) और बस अड्डों के आसपास 500 मीटर के दायरे में आने वाली सभी सरकारी शराब की दुकानें तत्काल प्रभाव से बंद कर दी जाएं। इस सख्त आदेश को लागू करने के लिए प्रशासन को महज दो सप्ताह का समय दिया गया है। मुख्यमंत्री विजय की यह सक्रियता शपथ ग्रहण समारोह के मंच पर ही दिखने लगी थी, जहाँ उन्होंने अपने चुनावी वादों को अमलीजामा पहनाने के लिए तीन महत्वपूर्ण फाइलों पर हस्ताक्षर किए।

### तमिलनाडु में विजय की बहुमत परीक्षा आज

तमिलनाडु की राजनीति में इन दिनों जबरदस्त उथल-पुथल मची हुई है, जिसका केंद्र मुख्यमंत्री जोसेफ विजय बने हुए हैं। उन्हें कल, 13 मई को विधानसभा में अपना बहुमत साबित करना है, लेकिन बीते 10 दिनों में राज्य ने अप्रत्याशित राजनीतिक घटनाक्रम दिखाई दिए हैं। थलापति का शपथ ग्रहण समारोह भी कम नाटकीय नहीं रहा।

---

कपूर परिवार की संपत्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी

## महाभारत का युद्ध भी इस विवाद के सामने छोटा



**नई दिल्ली, ईएमएस।** सुप्रीम कोर्ट ने कपूर परिवार की 30,000 करोड़ रुपए की संपत्ति को लेकर चल रहे विवाद की तुलना महाभारत से की है।

न्यायमूर्ति जे बी परदीवाला ने टिप्पणी करते हुए कहा कि इस विवाद के सामने महाभारत का युद्ध भी छोटा लगता है। यह तीखी टिप्पणी तब आई जब सुप्रीम कोर्ट दिवंगत उद्योगपति संजय कपूर की माता रानी कपूर की एक नई याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें विवादित आरके फैमिली ट्रस्ट से जुड़े कार्यों को रोकने की मांग की गई थी। इस बीच पूर्व सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में मध्यस्थता की कार्यवाही जारी है।

---

## जमानत मामलों को हर हफ्ते या कम से कम दो हफ्ते में एक बार जरूर लिस्ट करें

सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के हाईकोर्ट में लंबित जमानत मामलों को लेकर दिए निर्देश

**नई दिल्ली, ईएमएस।** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के हाईकोर्ट में लंबित जमानत मामलों को लेकर निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि हाईकोर्ट में सालों से लंबित हजारों जमानत याचिकाएं स्वतंत्रता के अमूल्य अधिकार का उल्लंघन करती हैं। जमानत से जुड़े मामलों की सुनवाई में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए और इसके लिए तय सिस्टम बनाना जरूरी है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ ने मद्रास हाईकोर्ट को जमानत याचिकाओं पर सबसे कम समय में फैसले लेने के लिए सराहना की। हालांकि इलाहाबाद हाईकोर्ट में भी जमानत याचिकाओं की भारी संख्या लंबित है, पीठ ने इस तथ्य की सराहना की कि वहां लंबित मामलों की संख्या इतनी ज्यादा है कि न्यायाधीशों को प्रतिदिन करीब 200 जमानत याचिकाओं की सुनवाई करनी पड़ती है। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने सोमवार को सभी हाईकोर्ट को निर्देश दिए हैं कि जमानत याचिकाओं की सुनवाई तेजी से और नियमित तरीके से हो। जमानत के मामलों को हर हफ्ते या कम से कम दो हफ्ते में एक बार जरूर लिस्ट किया जाए।

---

## बृजभूषण यौन उत्पीड़न मामले में सुनवाई तेज

एसआईटी सदस्य का बयान दर्ज

**नई दिल्ली, ईएमएस।** पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न मामले में राउज एवेन्यू अदालत में सुनवाई तेज हुई है।

हाल ही में विशेष जांच दल (एसआईटी) के एक सदस्य, इंस्पेक्टर संदीप का बयान दर्ज किया गया, जो मामले की जांच में शामिल थे। अब अदालत ने जांच अधिकारी (आईओ) का बयान दर्ज करने के लिए मामले की अगली सुनवाई 15 और 19 मई को सूचीबद्ध की है।

---

## पश्चिम एशिया संकटः पुरी का ईंधन सुरक्षा का आश्वासन, मोदी की मितव्ययिता की अपील



**नई दिल्ली, ईएमएस।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आश्वासन दिया कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बावजूद देश में ईंधन की आपूर्ति में कोई कमी नहीं है।

उन्होंने बताया कि केंद्र द्वारा उठाए गए आपातकालीन उपायों के तहत सरकार ने एलपीजी उत्पादन को 35,000-36,000 टन प्रतिदिन से बढ़ाकर करीब 54,000 टन किया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रमुख पुरी ने कहा कि देश में एलपीजी आपूर्ति में कोई समस्या नहीं है। उन्होंने जानकारी दी कि भारत के पास कच्चे तेल और एलएनजी का 69 दिनों का और एलपीजी का 45 दिनों का पर्याप्त भंडार मौजूद है। केंद्रीय मंत्री पुरी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मितव्ययिता की अपील को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। यह पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न राजकोषीय दबाव को कम करने के लिए उपायों पर विचार करने की एक आहट है।

---

## शेयर बाजार गिरावट पर बंद

सेंसेक्स 1,456 निफ्टी 436 अंक गिरा




**मुंबई, ईएमएस।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को भी गिरावट के साथ बंद हुआ। वहीं गत दिवस भी बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है।

इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,456.04 अंक गिरकर 74,559.24 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 436.30 अंक टूटकर 23,379.55 पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट अमेरिका और ईरान के बीच तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में आ रही तेजी से आई है। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी से भी बाजार टूटा है। आज सेंसेक्स के शेयरों में टेक महिंद्रा, अदानी पोर्ट्स, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाइटन और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर गिरे जबकि केवल स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शेयर में ही तेजी रही।

---

## सुरक्षा बलों ने दबोचे 6 उग्रवादी

**मणिपुर, ईएमएस।** पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में सुरक्षा बलों ने उग्रवादी संगठनों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाकर तीन अलग-अलग जिलों से छह उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी पुलिस ने मंगलवार को दी। पुलिस के अनुसार प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के चार सदस्यों को नोंगड़ा चाना इलाके से गिरफ्तार किया गया। बयान में कहा गया है कि उग्रवादियों ने प्रतिबंधित संगठन में भर्ती करने के लिए तीन युवकों को कथित तौर पर बंधक बनाया था जिन्हें उन उग्रवादियों से मुक्त कराया है। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित %जोगम लिबरेशन फ्रंट% (जेडएलएफ) के एक कार्यकर्ता को भी चुराचांदपुर जिले के गेलजांग गांव के पास स्थित उसके आवास से गिरफ्तार किया है।

### जबरन भर्ती के लिए बंधक बनाए गए 3 युवक भी कराए आजाद

---

अमेरिका-ईरान के बीच तनाव चरम पर

## ईरानी यूरेनियम की 'स्पेस फोर्स' कर रही निगरानी, जो वहां गया उसे उड़ा देंगे



**वाशिंगटन, ईएमएस।** ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच तनाव चरम पर है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि ईरान के संवर्धित यूरेनियम की निगरानी अब अमेरिकी 'स्पेस फोर्स' कर रही है।

ट्रंप का कहना है कि अगर किसी ने भी वहां पहुंचने की कोशिश की, तो उसे 'उड़ा' दिया जाएगा। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका, मलबे के नीचे दबे ईरान के संवर्धित यूरेनियम पर लगातार नजर रखे हुए है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने एक इंटरव्यू में कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति ईरान के संवर्धित यूरेनियम के पास पहुंचने की कोशिश करेगा, तो अमेरिका को तुरंत इसकी जानकारी मिल जाएगी और उसे उड़ा दिया जाएगा। ट्रंप ने दावा किया कि अगर अमेरिका चाहता, तो वह सिर्फ दो हफ्तों में ईरान के हर सैन्य ठिकाने को निशाना बना सकता था उनके मुताबिक ईरान सैन्य रूप से काफी कमजोर हो चुका है। हमारे पास कुछ और टारगेट भी हैं जिन पर हम संभावित रूप से हमला कर सकते हैं।

---

मध्य पूर्व के आसमान में फिर सैन्य तनाव बढ़ा, ईरान का दावा

## अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-35 की रहस्यमयी लैंडिंग...

पेंटागन ने साध रखी है चुप्पी

● तेहरान, ईएमएस

मध्य पूर्व के आसमान में फिर सैन्य तनाव बढ़ गया है। 11 मई की सुबह, अमेरिकी वायुसेना के सबसे उन्नत लड़ाकू विमानों में से एक, एफ-35 लाइटनिंग 2 को संयुक्त अरब अमीरात में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी।

इस घटना ने न केवल क्षेत्र में हलचल पैदा कर दी है, बल्कि अमेरिका और ईरान के बीच पहले से ही जारी कूटनीतिक तनाव को बढ़ा दिया है। यह अत्याधुनिक स्टील फाइटर जेट होरमुज जलडमरूमध्य के पास रणनीतिक उड़ान भर रहा था, जब अचानक जेट ने अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन ट्रांसपोंडर कोड 7700 प्रसारित करना शुरू किया। एविएशन सेक्टर में यह कोड तब इस्तेमाल होता है



जब पायलट किसी गंभीर खतरे या तकनीकी खराबी का सामना कर रहा होता है। विमान ओमान की खाड़ी के ऊपर था जब जेट ने अचानक अपना रास्ता बदला और यूएई की ओर रुख किया। रहस्यमय बात यह रही कि जैसे ही विमान यूएई के हवाई क्षेत्र में दाखिल हुआ, पायलट ने अपना ट्रांसपोंडर बंद कर दिया और रडार से बचकर सीधे अल-धाफरा एयरबेस पर आपातकालीन लैंडिंग की। रक्षा विशेषज्ञों के लिए यह बड़ी चिंता का विषय है क्योंकि पिछले 24 घंटों के भीतर इसी इकाई के एक और एफ-35 विमान ने कोड 7700 प्रसारित किया था। एक पांचवीं पीढ़ी के विमान का बार-बार इस तरह के संकट में आना या गंभीर यांत्रिक विफलता की ओर इशारा करता है या किसी बाहरी हस्तक्षेप की संभावना को जन्म देता है। इस घटना के बाद से ही ईरान के सरकारी मीडिया और रिवोल्यूशनरी गार्ड से जुड़े सोशल मीडिया हैंडल्स पर दावों की बाढ़ आ गई है। ईरानी सूत्रों का कहना है कि उनके रक्षा तंत्र ने अमेरिकी विमानों को अपनी सीमा के पास ट्रैक कर निशाना बनाया, जिसके परिणामस्वरूप विमान को नुकसान पहुंचा और अपनी उड़ान बीच में छोड़कर भागना पड़ा। हालांकि, स्वतंत्र सैन्य विश्लेषक इन दावों पर सवाल उठा रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि एफ-35 किसी मिसाइल या एंटी-एयरक्राफ्ट गन से हिट हुआ होता, तब उसका सैकड़ों मील दूर स्थित अल-धाफरा तक सुरक्षित पहुंच पाना असंभव था। दूसरी ओर, अमेरिकी रक्षा मंत्रालय, पेंटागन ने अभी तक इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, जिससे अटकलों का बाजार गर्म है। क्या यह वास्तव में इंजन की कोई तकनीकी खराबी थी, या ईरान ने आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर का उपयोग करके विमान के नेविगेशन सिस्टम को जाम किया था? होरमुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण व्यापार मार्गों में से एक है।

## संपादकीय

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चेतावनी से बाजार में हड़कंप

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव तथा वैश्विक स्तर पर युद्ध जैसी आशंकाओं ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को अस्थिर कर दिया है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। हाल के दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संभावित आर्थिक संकट, ईंधन की बढ़ती खपत, विदेशी निर्भरता तथा घरेलू संसाधनों के संयमित उपयोग को लेकर व्यक्त चिंताओं के बाद देश के बाजारों में बेचैनी का माहौल दिखाई दे रहा है। शेयर बाजार में लगातार गिरावट, सोने और आभूषण कारोबार में चिंता तथा महंगाई को लेकर आम लोगों की आशंकाएं यह संकेत दे रही हैं कि देश आर्थिक अनिश्चितता के दौर में प्रवेश कर रहा है। भारत लंबे समय से ऊर्जा जरूरतों के लिए आयातित कच्चे तेल पर निर्भर रहा है। यदि पश्चिम एशिया में युद्ध की स्थिति गंभीर होती है, तो सबसे पहला प्रभाव तेल और गैस की कीमतों पर पड़ेगा। पहले से ही महंगे पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस से परेशान जनता के सामने महंगाई की नई सुनामी खड़ी हो सकती है।

परिवहन लागत बढ़ने से खाद्यान्न, सब्जियों, निर्माण सामग्री और रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम बढ़ना लगभग तय माना जाता है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सोना नहीं खरीदने, पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने, विदेश यात्राओं को रोकने और इसी के साथ ही भोजन में तेल कम से कम उपयोग करने पर जोर दिए जाने को लोग आने वाले कठिन समय की चेतावनी के रूप में देख रहे हैं। दरअसल कोरोना महामारी का अनुभव अभी भी देशवासियों की सामूहिक स्मृति में ताजा है। उस समय लॉकडाउन, बेरोजगारी, पलायन और आर्थिक ठहराव ने करोड़ों लोगों को प्रभावित किया था। यदि वर्तमान संकट की तुलना उसी दौर से की जाती है, तो स्वाभाविक रूप से लोगों में भय और असुरक्षा की भावना बढ़ती ही बढ़ती है। बाजारों की घबराहट केवल आर्थिक आंकड़ों का परिणाम नहीं होती, बल्कि मनोवैज्ञानिक प्रभाव भी उसमें बड़ी भूमिका निभाता है। निवेशकों का भरोसा कमजोर पड़ते ही शेयर बाजार गिरने लगता है और आम जनता खर्च रोककर बचत की ओर बढ़ती है। सोने की खरीद टालने की अपील ने भी बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। भारत में आभूषण उद्योग करोड़ों लोगों की आजीविका से जुड़ा है। यदि उपभोक्ता सोने की खरीद कम करते हैं, तो छोटे ज्वेलर्स, कारीगरों और संबंधित व्यापारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना तय है। यही कारण है कि व्यापारिक संगठनों में चिंता बढ़ी है। हालांकि सरकार का उद्देश्य विदेशी मुद्रा की बचत और अनावश्यक आयात कम करना हो सकता है, लेकिन ऐसे कदमों के सामाजिक और रोजगार संबंधी प्रभावों को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वर्तमान संकट का एक बड़ा पहलू विदेशी मुद्रा भंडार और व्यापार असंतुलन भी है। भारत का आयात लगातार निर्यात से अधिक रहा है। यदि तेल आयात पर खर्च बढ़ता है और विदेशी निवेशक बाजार से पैसा निकालते हैं, तो रुपये पर दबाव बढ़ना स्वाभाविक है। रिजर्व बैंक को रुपये को संभालने के लिए डॉलर बेचने पड़ सकते हैं। प्रवासी भारतीयों से आने वाली विदेशी मुद्रा में कमी और वैश्विक मंदी की आशंका इस संकट को और गंभीर बना सकती है। राजनीतिक दृष्टि से भी यह दौर सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है। विपक्ष पहले ही बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक असमानता जैसे मुद्दों पर सरकार को घेर रहा है। यदि महंगाई लगातार बढ़ती है और जनता की क्रय शक्ति घटती है, तो इसका सीधा असर राजनीतिक माहौल पर पड़ेगा। इतिहास गवाह है कि आर्थिक संकट अक्सर सामाजिक असंतोष को जन्म देता है। ऐसे समय में केवल चेतावनी देना पर्याप्त नहीं होगा। सरकार को ठोस आर्थिक रणनीति, पारदर्शी संवाद और राहत उपायों के साथ आगे आना होगा। विपक्ष को भी राजनीतिक लाभ से ऊपर उठकर रचनात्मक सहयोग की भूमिका निभानी चाहिए। देश आर्थिक चुनौतियों का सामना केवल सामूहिक विश्वास, संतुलित नीतियों और जिम्मेदार नेतृत्व से ही कर सकता है। इस तरह की चेतावनियां जारी कर जनता को डराने के बजाय भरोसा दिलाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

सनत जैन

## राज काज

### महाभारत की याद दिला गया विवाद

सुप्रीम कोर्ट ने कपूर परिवार की 30,000 करोड़ रुपए की संपत्ति को लेकर चल रहे विवाद की तुलना महाभारत से करके सभी का ध्यान विवाद की ओर खींच लिया है। दरअसल न्यायमूर्ति जेबी परदीवाला ने मामले की सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए कहा कि इस विवाद के सामने महाभारत का युद्ध भी छोटा लगता है। यह तीखी टिप्पणी तब आई जब सुप्रीम कोर्ट दिवंगत उद्योगपति संजय कपूर की माता रानी कपूर की एक नई याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें विवादित आरके फैमिली ट्रस्ट से जुड़े कार्यों को रोकने की मांग की गई थी। इस पर लोग कह रहे ऐसे ही थोड़े न कहा गया है हर घर में आज भी होता है महाभारत।

### यूं ज्योतिषी के भी फिर गए दिन

कहते हैं ज्योतिषी अच्छे दिनों की आहट का एहसास कराकर व्यक्ति के दिन फेर देता है, लेकिन तमिलनाडु का मामला अलग ही है। दरअसल तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में ज्योतिषी राधन पंडित ने टीवीके की जीत की भविष्यवाणी की थी। अब सीएम की शपथ लेने और विधानसभा में बहुमत हासिल करने से पहले थलापति विजय ने उन्हें सीएमओ में एंट्री दी है। सीएम विजय ने उन्हें सीएमओ में ओएसडी बनाया है। खास बात यह है कि राधन पंडित पहले जयललिता के स्पिरिचुअल मेंटर रह चुके हैं। लोग तो यही कह रहे हैं कि इस सरकार ने तो ज्योतिषी के ही दिर फेर दिए, अब सबकी नजरें फ्लोर टेस्ट पर टिकीं हैं, यदि विजय सफल रहे तो आगे और कुछ भी हो सकता है।

### कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया बने रहेंगे

असम विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी डीके शिवकुमार को दी गई थी।असम के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को अपेक्षित सफलता नहीं मिली। माना जा रहा था, इस बार असम में कांग्रेस की सरकार बन सकती है। सरकार नहीं बनने से कोई नुकसान शिवकुमार को नहीं होगा। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बनने का जो फायदा होने वाला था। अब वह फायदा नहीं होगा। कुछ समय उन्हें मुख्यमंत्री बनने के लिए इंतजार करना पड़ेगा। उनके भाग्य में अभी मुख्यमंत्री बनना लिखा नहीं है।

### राजनेताओं को गुणा भाग सिखा रहे हैं, मीडिया कर्मी

विपक्षी दलों को किस तरह की राजनीति करना चाहिए। वह कहां गलती कर रहे हैं। गोदी मीडिया इसकी सीख विपक्षी दलों को रोजाना टीवी चैनल में देते हुये नजर आते है। ऐसा लगता है, गोदी मीडिया के एंकर राजनीति के प्रकांड विद्वान और चाणक्य की तरह ज्ञानवान हो गए हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष को वही राह दिखा रहे हैं। एंकरों की वर्तमान स्थिति को देखते हुए यही लगता है। गोदी मीडिया को यह भ्रम हो गया है। भाजपा उनके कारण ही चुनाव दर चुनाव जीत रही है।

# होर्मुज की तपिश में सरकार की छाँव

**» होर्मुज़ बंद होने से देश की सरकार को हो रहा प्रतिदिन 1000 करोड़ का नुकसान**

डॉ. सुयश नारायण मिश्रा



घर-परिवार हो या कोई देश आकस्मिक आपदा किसी पर भी कभी भी आ सकती है। विगत दिनों में ईरान और अमेरिका के युद्ध के चलते होर्मुज बंद हो गया, जिसके कारण जहाजों की आवाजाही बंद हो गई। युद्ध के शुरूआती दौर में तो यह लगा था कि तेल और गैस की किल्लत से सभी जगह त्राहि-त्राहि मच जायेगी लेकिन भारत में ऐसा नहीं हुआ। सभी घरों में चूल्हे जलते रहे, वाहन चलते रहे, बच्चों की पढाई सुव्यवस्था के साथ चलती रही। यह सब कुछ तभी संभव हो सका क्योंकि हमारा मुखिया, हमारा संरक्षक जिम्मेदार और दूरदर्शी है। हमारी सरकार ने कुशल नेतृत्व के साथ इस मुसीबत की घड़ी में अपनी बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए बढ़ती कीमतों के बोझ को अपने तक ही सीमित रखा, जनता को उस तकलीफ से रूबरू ही नहीं होने दिया। जबकि वास्तविकता तो यह है कि हमारी तेल कंपनियों को प्रतिदिन रू. 1000 करोड़ का नुकसान उठाना पड़ रहा है, अर्थात थोड़े में कहें तो हमारी सरकार को इस युद्ध के कारण रू. 68,000 करोड़ का भारी नुकसान हुआ है। इसके अलावा इस युद्ध का बोझ हमारे तेल भंडारों पर भी पड़ रहा है, उनका स्तर निरंतर नीचे गिर रहा है और जिसको बनाये रखने में निवेश की आवश्यकता पड़ रही है। इस सब का असर सरकार के सेंट्रल एक्साइज पर भी पड़ रहा है। यानी तीन अलग-अलग दिशाओं में भारत को नुकसान उठाना पड़ रहा है। भारी नुकसान के चलते निरंतर गिरती अर्थव्यवस्था को समय रहते सुधारना ही होगा और इसके लिए सरकार के साथ प्रत्येक नागरिक का भी दायित्व है कि वो अपनी भागीदारी समझे। ऐसे कठिन समय में जब आर्थिक मार हर घर, हर व्यक्ति तक पहुँच गई हो, गाड़ियां खड़े होने के कगार पर हों, किसी भी सरकार के लिए बहुत आसान रास्ता था इस आर्थिक बोझ को जनता के ऊपर डालकर अलग हो जाना। लेकिन हमारी संवेदनशील सरकार ने अपनी सूझ बूझ से न केवल जनता को राहत दी बल्कि अपनी नीतिगत कुशलता से जनता को ऐसा छत्र दिया जिससे जनता का सामान्य जीवन अस्त व्यस्त होने से बच गया।

युद्ध न रुकने से जहाँ वैश्विक ऊर्जा संकट निरंतर बढ़ता ही जा रहा है वहीं होर्मुज का रास्ता साफ होने के भी कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि भविष्य में युद्ध विराम हो भी गया तो स्थिति को संभलने में कम से कम चार महीने लग जाएंगे, जिसके चलते अधिक समय तक तेल और गैस के दाम उच्च स्तर पर बने रह सकते हैं। परन्तु युद्ध के इस ग्यारहवें सप्ताह में सरकार द्वारा अपनाएं वर्तमान मॉडल को यदि और आगे खींचा गया तो इसके प्रतिकूल प्रभाव हमारी अर्थयवस्था पर पडने लगेंगे। इन परिस्थितियों में हमारे सामने तीन चुनौतियां हैं- पहली चुनौती तेल भंडार से जुड़ी है। भारत का तेल भंडार आज 5.33 मिलियन टन पर है, जो लगभग दो सप्ताह की आवश्यकता पूरी कर सकता है। आईईए मानक नब्बे दिनों का है। चंडीखोल, पादुर और बीकानेर में 6.5 मिलियन टन का दूसरा चरण निर्माणाधीन है, और इसे त्वरित समय-सीमा पर पूरा करना होगा। साथ ही, जापान और दक्षिण कोरिया के बाद भारत ही ऐसा देश है जो 30-दिवसीय एलपीजी भंडार की योजना बना रहा है। इस युद्ध से उत्पन्न संकट से पता चलता है ये हमारी आज की आवश्यकता है।

दूसरी चुनौती रिफाइनिंग और घरेलू उत्पादन की है। हमें अपनी रिफाइनिंग क्षमता को बढ़ाना होगा। इसके लिए पहले ही कदम उठाये जा चुके हैं। नुमालीगढ़, जहाँ रु. 34,000 करोड़ की लागत से 3 से 9 एमएमटीपीए तक का विस्तार हो रहा है, उसे समय से पहले परिचालन में लाना होगा। बाड़मेर का संयंत्र अब परिचालन में है। पश्चिमी तट के एकीकृत संयंत्र विभिन्न चरणों में हैं। साथ ही घरेलू कच्चे तेल का उत्पादन, जो आज मांग का मात्र 12 प्रतिशत पूरा करता है, उसको बढ़ाना होगा। तीसरी चुनौती इथनॉल ब्लेंडिंग की है, आज बीस प्रतिशत ब्लेंडिंग करके देश 1.5 लाख करोड़ से अधिक की विदेशी मुद्रा बना पा रहा है। इस कठिन समय में वैकल्पिक ईंधन के माध्यम से एल पीजी की मांग को 70 से 75 हजार टन प्रतिदिन कम किया जा रहा है। आर्थिक नीतियों के जानकारों का कहना है कि यह केवल इसलिए संभव हुआ क्योंकि पीएनजी, मिट्टी का तेल, ईंधन तेल और बायो गैस की वैकल्पिक संरचना संकट आने से पहले ही तैयार कर ली गई थी। जो विशेषज्ञ इस दिशा में लगातार शोध कार्य कर रहे हैं उनका मानना है कि आज की तुलना में आने वाला समय और भी कठिन होगा, तब हमें इस संकट के समय जो हमने व्यय किया उससे उबरना भी होगा और ऐसी योजनाएं जो भविष्य में हमें मजबूती दे सकें उन योजनाओं में निवेश भी करना होगा। विश्व के इस संकट के समय में जब लगभग सभी देशों में पेट्रोल की कीमतें बढ़ा दी गयीं, श्रीलंका, पाकिस्तान में चार दिवसीय कार्य सप्ताह कर दिया गया, फिलीपींस में राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल लगा दिया गया।

# बढ़ते अपराध और अपराधमुक्त समाज निर्माण की चुनौती

ललित गर्ग

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के ताजा आंकड़े केवल सांख्यिकीय दस्तावेज नहीं हैं, बल्कि वे हमारे समाज के उस अंधेरे और भयावह चेहरे को सामने लाते हैं, जिसे अक्सर विकास, आधुनिकता और राजनीतिक उपलब्धियों की चमक में छिपा दिया जाता है। वर्ष 2024 के अपराध आंकड़ों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत आर्थिक, तकनीकी और वैश्विक स्तर पर चाहे जितनी प्रगति कर रहा हो, लेकिन सामाजिक और नैतिक स्तर पर अनेक गंभीर चुनौतियों से घिरा हुआ है। जब देश में हर 17 मिनट में हत्या, हर पांच मिनट में अपहरण, हर 18 मिनट में बलात्कार और लगभग हर दो मिनट में आर्थिक अपराध या धोखाधड़ी हो रही हो, तब यह केवल कानून-व्यवस्था का प्रश्न नहीं रह जाता, बल्कि यह पूरे सामाजिक ढांचे, नैतिक मूल्यों और प्रशासनिक तंत्र पर गंभीर प्रश्नचिह्न बनकर खड़ा हो जाता है। आज हम विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और 2047 तक विश्वगुरु भारत का सपना देख रहे हैं। लेकिन यह सपना तभी साकार हो सकता है, जब समाज भयमुक्त, हिंसामुक्त और अपराधमुक्त बने। अपराधों से ग्रस्त समाज कभी स्वस्थ, संतुलित और आदर्श समाज नहीं बन सकता। यदि समाज का वातावरण असुरक्षा, भय, अविश्वास और हिंसा से भरा होगा, तो विकास की सारी योजनाएं खोखली सिद्ध होंगी। एनसीआरबी के आंकड़े हमें चेतावनी दे रहे हैं कि यदि समय रहते अपराधों की जड़ों को नहीं पहचाना गया और उन पर कठोर अंकुश नहीं लगाया गया, तो यह स्थिति भविष्य में और अधिक विस्फोटक हो सकती है।

विशेष चिंता का विषय महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध हैं। राजस्थान का लगातार छठे वर्ष महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में शीर्ष पर बने रहना अत्यंत चिंताजनक है। बलात्कार के मामले में यह पहले स्थान पर, जबरन गर्भपात में दूसरे और भ्रूण हत्या में तीसरे स्थान पर है। विवाह के लिए महिलाओं के अपहरण के मामलों में भी राजस्थान चैथे नंबर पर है। इस अपराध में बिहार टॉप, यूपी दूसरे और पंजाब तीसरे स्थान पर है। बिहार 'पकड़वा विवाह' के लिए भी बदनाम है, जिसमें पुरुषों का अपहरण कर जबरन शादी कर दी जाती है। यदि प्रति लाख आबादी के लिहाज से हत्या की दर का विश्लेषण किया जाए तो झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे छोटे राज्य टॉप पर हैं और उत्तर प्रदेश जैसा बड़ा और अपराधों के लिए अक्सर चर्चा में रहने वाला राज्य 12वें स्थान पर। इस मामले में मध्यप्रदेश छठे और राजस्थान सातवें पायदान पर खड़ा है। बलात्कार, भ्रूण हत्या, जबरन गर्भपात और विवाह के लिए अपहरण जैसी घटनाएं यह बताती हैं कि सामाजिक चेतना और नैतिक संस्कारों में गंभीर गिरावट आई है। महिलाओं के प्रति सम्मान, संवेदना और सुरक्षा की भावना कमजोर हुई है।

यह विडंबना ही है कि एक ओर हम 'नारी शक्ति' और 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियान चला रहे हैं, वहीं दूसरी ओर महिलाओं के खिलाफ अपराधों के आंकड़े भयावह रूप लेते जा रहे हैं। यह केवल कानून की कमजोरी नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता की विकृति का भी परिणाम है।

## सुविचार

कलाकार प्रकृति का प्रेमी है अतः वह उसका दास भी है और स्वामी भी।

- रवींद्रनाथ ठाकुर

मनुष्य की इच्छाओं का पेट आज तक कोई नहीं भर सका है।

- वेदव्यास

## प्रसंगत

### कंगन का दान

संस्कृत के कवियों में माघ का श्रेष्ठ स्थान है। वह साधन-संपन्न तो थे ही, दान देने में भी अग्रणी थे। लोगों को विश्वास था कि उनके घर से कोई भी जरूरतमंद कभी खाली हाथ नहीं लौटता। दान देते-देते एक अवसर ऐसा भी आया कि जब वह खुद ही निर्धन हो गए। लेकिन मदद करने की उनकी भावना में कोई कमी नहीं आई। वह लोगों की सहायता के लिए पहले की तरह ही तत्पर रहते थे। एक रात किसी गरीब पुजारी ने उनका दरवाजा खटखटाया। माघ ने दरवाजा खोला तो पुजारी ने बाहर आने का निवेदन किया और कहा, 'मेरी बेटी की शादी है। कैसे विवाह कर पाऊंगा, इस बात की चिंता सताती रहती है। मैं आपसे कुछ सहायता मांगने आया हूं।' कविवर ने सोचा कि इस समय न घर में धन है, न कोई ऐसी वस्तु जो याचक को दी जा सके।

कुछ देर सोचने के बाद वह अपनी सोयी हुई पत्नी के पास गए और धीरे से उसका हाथ उठाकर उससे कंगन उतारा। पत्नी की नींद खुल गई, परंतु पति को सामने देखकर उसने आंखें बंद कर लीं। माघ ने बाहर आकर वह कंगन उस पुजारी को दे दिया और उसे वहां से जल्दी भाग जाने के लिए कहा। किंतु पत्नी ने दरवाजे की दरार से सब कुछ देख लिया कि उसके पतिदेव किसको वह कंगन दे रहे हैं।

## जरा हटके

# समुद्र में मछुआरों के हाथ लगा बेहद दुर्लभ जीव लॉब्स्टर

**लंदन (ईएमएस)।** गहरे समुद्री पानी में मछली पकड़ने गए मछुआरों के हाथ बेहद दुर्लभ जीव लॉब्स्टर हाथ लग गया, जो अपने अनूठे रंग के कारण चर्चा का विषय बन गया है। एक कंपनी की मछली पकड़ने वाली टीम को यह अद्भुत जीव मिला, जिसका शरीर आधा भूरे रंग का और आधा चमकीले नारंगी रंग का था। यह जीव दो अलग-अलग हिस्सों में बंटा हुआ दिख रहा था। वैज्ञानिकों और मछुआरों दोनों के लिए यह किसी चमत्कार से कम नहीं था, क्योंकि ऐसे आधा-आधा रंग के लॉब्स्टर 5 करोड़ में से केवल एक ही पाए जाते हैं। कंपनी के अधिकारी ने इस असाधारण खोज के महत्व को समझा और तुरंत इसे संरक्षित करने का निर्णय लिया। उनका मानना था कि ऐसे दुर्लभ जीव को सीधे उपभोग में लाने के बजाय लोगों के सामने लाना आवश्यक है, ताकि अधिक से अधिक लोग प्रकृति की इस अनूठी देन के बारे में जान सकें।

जैसे ही इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की गईं, वे तेज़ी से वायरल हो गईं और वैज्ञानिकों का ध्यान भी इसकी ओर आकर्षित हुआ। इस लॉब्स्टर के दो रंग होने के पीछे एक विशेष जैविक घटना है, जिसे जेनेटिक मोज़ेकिज्म या गाइनेंड्रोमॉर्फिज्म कहा जाता है। इसका अर्थ है कि एक ही जीव के शरीर में अलग-अलग प्रकार की आनुवंशिक कोशिकाएँ मौजूद होती हैं, या उसमें नर और मादा दोनों के गुण एक साथ पाए जाते हैं। यह स्थिति इसके शरीर को दो स्पष्ट रूप से अलग रंगों में विभाजित करती है, जिससे यह और भी आकर्षक दिखाई देता है।

इस अद्वितीय लॉब्स्टर को खाने के लिए इस्तेमाल करने के बजाय वुड्स होल साइंस एक्वेरियम को दान कर दिया गया है। यहाँ इसे वैज्ञानिक अध्ययन के लिए सावधानीपूर्वक रखा जाएगा और भविष्य में आम जनता के लिए भी प्रदर्शित किया जाएगा। एक्वेरियम की जीवविज्ञानी जूलिया स्टडली ने इस खोज पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह लॉब्स्टर न केवल देखने में मंत्रमुग्ध कर देने वाला है, बल्कि यह हमें प्रकृति की अद्भुत जटिलता और उसके भीतर छिपी विविधता के बारे में भी बहुत कुछ सिखाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे जीव प्राकृतिक चयन और आनुवंशिकी के रहस्यों को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

यह घटना प्रकृति की अप्रत्याशितता और उसकी असीम रचनात्मकता का एक जीता-जागता प्रमाण है, जो हमें याद दिलाती है कि समुद्र की गहराइयों में अभी भी कितने रहस्य छिपे हुए हैं। यह दुर्लभ खोज एक बार फिर दर्शाती है कि प्रकृति कितनी अनोखी और अप्रत्याशित हो सकती है। यह लॉब्स्टर अब केवल एक समुद्री जीव नहीं, बल्कि एक वैज्ञानिक कौतूहल और आने वाली पीढ़ियों के लिए सीखने तथा प्रकृति के रहस्यों को समझने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है।

## व्यंग

# सौ साल पहले

प्रमोद यादव

'सौ साल पहले' शीर्षक पढ़ ये मत सोचियेगा कि मैं हिंदी सिनेमा के सौ वर्ष पर या अँग्रेज़ों की ग़ुलामी पर बातें करने जा रहा हूँ। मैं तो महज़ एक फ़िल्मी गाने की बात करने जा रहा हूँ जो अक्सर म्यूज़िक चैनलों के कार्यक्रम 'भूले-बिसरे गीत' में दिखाया जाता है। गाना है- 'सौ साल पहले मुझे तुमसे प्यार था। आज भी है और कल भी रहेगा।' फ़िल्म है - जब प्यार किसी से होता है और परदे पर इसे गुनगुनाया है सदाबहार हीरो देवानंद ने साथ में है- अपने ज़माने की हसीन अदाकारा आशा पारीख। इस गीत को लिखा किसने, मुझे याद नहीं आ रहा। पर जिसने भी लिखा, कमाल का लिखा है। उसे साष्टांग प्रणाम। और धुन बनाने वाले भैयाजी को भी सुमधुर संगीत के लिए साधुवाद। तो वाक़या ये है कि रोज़ खा-पीकर रात दस बजे के बाद मैं अक्सर ही एक दूसरी दुनिया में चला जाता हूँ। बिस्तर पर लेपटॉप ले मैं सन पचास और सत्तर के बीच की दुनिया में विलीन (अंतर्ध्यान) हो जाता हूँ। धीमी-धीमी आवाज़ में सदाबहार नग़में सुनता हूँ..।

वीडियो देखता हूँ। वॉल्यूम इसलिए नहीं बढ़ाता कि बेटे को एलर्जी है पुराने गानों से। बीबी तो सुन भी लेती है। (उसका धर्म भी है) पर पप्पू नहीं मानता, ज़रा सा वाल्लुम तेज़ हुआ कि बिफर ही जाता है- 'पापा, कम कीजिये नहीं तो मुझे नींद आ जायेगी। कल सुबह टेस्ट है मेरा।' तब मैं गुस्से में लेपटॉप समेट लेट जाता हूँ। हालाकि नींद नहीं आती।

और भला आये भी कैसे? गुस्से में किसे नींद आएगी? आँखें मीचने के बाद भी मुझे गीताबाली, मधुबाला, मीनाकुमारी, नरगिस, शकीला, श्यामा, वहीदा, पद्मिनी कूल्हे मटकाती नाचती हुई स्पष्ट नज़र आती हैं। और उनके पीछेएक ख़ास अंदाज़ में ढीले-ढाले पेंट-शर्ट पहने बाग़-बागीचे में दौड़ते-झूमते- गाते नज़र आते हैं- दिलीप, देवानन्द, राजकपूर, राजेंद्रकुमार, राजकुमार, गुरुदत्त, सुनीलदत्त। फिर कब इंटरवेल होता है और कब दी एंड समझ नहीं आता। आँख लग जाती है। सुबह उठकर लेपटॉप को उसकी जगह पर रख फिर रोज़मर्रा के कामों में लग जाता हूँ। रात होते ही पुनः लेपटॉप पर आ जाता हूँ। ये रोज़ का सिलसिला है। मेरी बड़ी ही सीधी-साधी है। गाँव से है इसलिए मेरे साथ-साथ इन पुराने गीतों को भी प्रेम से झेल लेती है। पर पप्पू तो 'यो यो हनी सिंग' युग का है। 'चार बोतल वोदका' के बिना रहता ही नहीं। स्कूल से लौटते ही यूनिफार्म उतारते-उतारते उसे हनी सिंग का बुखार चढ़ जाता है। पूरे फूल वॉल्यूम में उसके गाने सुन ही खाना खाता है। शोर-शराबा

## फोटो ऑफ द डे




स्पेन के ग्रेनडिला पोर्ट के पास हंतावायरस से प्रभावित समुद्री जहाज एमवी हॉंडियस पर पहुंचे सहायता दल के सदस्य। -फोटो-ईएमएस

## चिंतन-मनन

### श्रम रहित परिश्रम

महर्षि वेदव्यास किसी नगर से गुजर रहे थे। उन्होंने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। मन में सवाल उठा- एक छोटा सा कीड़ा इतनी तेजी से क्यों भागा जा रहा है। उन्होंने कीड़े से पूछा- ऐ क्षुद्र जंतु ! तुम इतनी तेजी से कहां जा रहे हो। कीड़ा बोला- हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं, यहां क्षुद्र कौन और महान कौन। क्या इनकी सही-सही परिभाषा संभव है। महर्षि सकपकाए। फिर सवाल किया- अच्छा बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहां भागे जा रहे हो। इस पर कीड़े ने कहा-अरे ! मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूं। देख नहीं रहे कि पीछे कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीडे के उत्तर ने महर्षि को फिर चौंकाया। वह बोले- पर तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और अच्छा शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोला- महर्षि ! मैं तो कीड़े की योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूं, पर ऐसे प्राणी बहुत हैं जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझ कीड़े से भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। महर्षि उस नन्हे से जीव के कथन पर सोचते रहे, फिर उन्होंने उससे कहा- चलो, हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़े ने पूछा- किस तरह की सहायता। महर्षि बोले-तुम्हें उठाकर मैं आने वाली बैलगाड़ी से दूर पहुंचा देता हूं। इस पर कीड़े ने कहा- धन्यवाद ! श्रम रहित पराश्रित जीवन विकास के सारे द्वार बंद कर देता है। मुझे स्वयं ही संघर्ष करने दीजिए। महर्षि को कोई जवाब न सूझा।

## स्वास्थ्य

# बहन की अंतिम इच्छानुसार तैयार करवाई नीली विंड चाइम

**सैन फ्रांसिस्को (ईएमएस)।** 43 वर्षीय महिला एरिन मेरेली के लिए बालकनी से आने वाली खनक उनकी स्वर्गीय बहन की मौजूदगी का अहसास दिलाने वाली आवाज बन चुकी है। यह विंड चाइम उनकी दिवंगत बहन की अस्थियों से तैयार की गई एक खास नीली विंड चाइम है, जो अब उनके लिए यादों और भावनाओं का प्रतीक बन गई है। दरअसल, अमेरिका के डेनवर में रहने वाली एरिन की बहन ने अपनी जिंदगी के अंतिम दिनों में एक अनोखी इच्छा जताई थी। उन्होंने कहा था कि उन्हें पारंपरिक तरीके से दफनाने के बजाय उनकी अस्थियों से नीले रंग की विंड चाइम बनाई जाए। यह इच्छा सुनकर एरिन भावुक हो गईं, लेकिन उन्होंने अपनी बहन से किया गया वादा निभाने का फैसला किया। आज उनकी बालकनी में टंगी वह विंड चाइम हर हवा के झोंके के साथ बहन की यादों को जीवित कर देती है। इस अनोखी प्रक्रिया के पीछे 'अल्कलाइन हाइड्रोलिसिस' नामक वैज्ञानिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया। इसे सामान्य भाषा में 'जल दाह संस्कार' भी कहा जाता है। इस प्रक्रिया में शरीर को पानी और विशेष रसायनों के साथ एक नियंत्रित वातावरण में रखा जाता है, जिससे शरीर धीरे-धीरे तरल रूप में बदल जाता है। बाद में बची हुई हड्डियों को सुखाकर महीन पाउडर तैयार किया जाता है। इसी पाउडर का उपयोग एरिन ने अपनी बहन की यादगार विंड चाइम बनाने में किया।

# क्राईम फाईल






मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के 23 पदों के लिए इंदौर जिला कोर्ट में मतदान संपन्न हुआ। भीषण गर्मी के बावजूद 10 हजार से अधिक वकीलों ने कूलर और छांव की व्यवस्थाओं के बीच उत्साहपूर्वक वोट डाले।

### इंदौर पुलिस की बड़ी कामयाबी

## बॉम्बे बाजार से लापता 10 साल का मासूम रतलाम में मिला, नाना-नानी के पास जाने की जिद में बदला था रास्ता

### पंढरीनाथ पुलिस ने सोशल मीडिया और सीसीटीवी की मदद से 24 घंटे में ढूँढा

इंदौर

अपनों से बिछड़ने का दर्द क्या होता है, यह बॉम्बे बाजार के उस परिवार से बेहतर कोई नहीं जान सकता जिसका 10 वर्षीय लाडला अचानक गायब हो गया। लेकिन इंदौर पुलिस की तत्परता ने इस कहानी का अंत खुशियों के साथ किया। पुलिस थाना पंढरीनाथ ने संवेदनशीलता दिखाते हुए गुमशुदा बालक को रतलाम से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।




**सीसीटीवी फुटेज और सोशल मीडिया बने मददगार**

डीसीपी (ज़ोन-4) सुनील मेहता और एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सतीश पटेल के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

टीम ने घटनास्थल के आसपास के दर्जनों सीसीटीवी फुटेज खंगाले और बच्चे की तस्वीर को सोशल मीडिया समूहों में प्रसारित किया। तकनीक और मुखबिरों से मिले इनपुट के आधार पर पुलिस की टीम रतलाम पहुंची और बालक को सुरक्षित बरामद किया।

**परिजनों की आँखों में आए खुशी के आँसू**

जब पुलिस टीम बच्चे को लेकर इंदौर थाने पहुंची, तो उसे देखते ही माता-पिता की आँखों से खुशी के आँसू छलक पड़े। परिजनों ने पुलिस की इस त्वरित कार्यवाही की सराहना करते हुए टीम का आभार व्यक्त किया।

इस पूरी कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. सतीश पटेल, सउनि अनवर सैयद और आरक्षक दुर्गेश की भूमिका सराहनीय रही।

**पुलिस की अपील**

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें और यदि ऐसी कोई घटना होती है, तो बिना समय गंवाए तुरंत पुलिस को सूचित करें ताकि गोल्डन आवर्स में बच्चे की तलाश की जा सके।

### विजयनगर चौराहे पर हादसा

## डंपर की टक्कर से पिकअप पलटी, ड्राइवर गंभीर



इंदौर

मंगलवार सुबह विजयनगर चौराहे पर तेज रफ्तार में दौड़ रहे डंपर ने पिकअप को टक्कर मार दी। जिसमें पिकअप पलटी खा गई। हादसे में ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुबह 4:20 बजे के लगभग घटना हुई। डंपर चालक ने तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पिकअप को टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप पलट गई। हादसे के बाद वहां मौजूद लोगों ने पिकअप ड्राइवर को बाहर निकाला। उसके सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोट आई है। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और डंपर को जप्त कर लिया है। और फरार चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि पिकअप रेडिसन होटल की तरफ से आ रही थी जबकि डंपर रसोमा चौराहे की और जा रहा था।

## अधिवक्ताओं की मज़बूत आवाज़ एडवोकेट दीक्षित



इंदौर। मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव 2026 के लिए मंगलवार को प्रदेशभर में मतदान हो रहा है। इस चुनाव में लगभग 86 हजार अधिवक्ता मतदाता अपने प्रतिनिधियों का चयन करेंगे। इसी क्रम में अधिवक्ता एडवोकेट तनुज दीक्षित भी चुनाव मैदान में हैं, जो मतपत्र पर सीरियल क्रमांक 115 से चुनाव लड़ रहे हैं। तनुज दीक्षित ने अपने विजन कार्ड और वचन पत्र के माध्यम से कई महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है। इनमें अधिवक्ताओं के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा एवं मेडिकल सहायता योजना, अधिवक्ता सुरक्षा कानून की दिशा में प्रभावी पहल के साथ एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू हेतु मजबूत प्रयास, युवा अधिवक्ताओं के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु आसान लोन की सुविधा, अधिवक्ताओं के परिवारों के लिए बेहतर सहायता व्यवस्था, पहली बार महिला अधिवक्ताओं हेतु मातृत्व सहयोग निधि, समूह ,न्यायालयों में सुविधाओं का विस्तार और लंबित न्यायिक पदों को शीघ्र भरने जैसे विषय प्रमुख हैं।

### »न्यूज ब्रीफ

**यात्री की अटैची चुराई**

फरियादी प्रशांत पिता ओम नारायण शुक्ला निवासी तिलक नगर ने पुलिस को बताया कि रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक 1 से अज्ञात व्यक्ति उसकी अटैची चुराकर ले गया। जिसमें नगदी, क्रेडिट, एटीएम, आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज रखे थे। जीआरपी पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया है।

**व्यापारी को धमकाया**

मालवा मिल अनाज मंडी के व्यापारी महेश पिता बंसीलाल की शिकायत पर दिनेश पिता शंकर लाल वर्मा के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। फरियादी महेश के मुताबिक आरोपी ने वसूली की मांग को लेकर उसे गालियां दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

**टक्कर से चाचा भतीजे घायल**

विजयनगर चौराहे पर एक्टिवा सवार अरविंद पिता रामचंद्र परमार निवासी स्कीम नंबर 78 ने पुलिस को बताया कि वह अपने भतीजे राहुल के साथ एक्टिवा पर जा रहा था तभी कार ने टक्कर मार दी जिसमें दोनों घायल हो गए। पुलिस ने केस दर्ज किया है।

**दहेज के लिए मारपीट**

फरियादी दीक्षा पाटिल 30 साल निवासी धनवंतरी नगर की रिपोर्ट पर पति प्रफुल्ल पाटिल सास निर्मल पाटिल ससुर मिलिंद पाटिल आदि के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उसे मायके से 4 लख रुपए लाने के लिए प्रताड़ित कर रहे थे।

**चाकू सहित चार बंदी**

जूनी इंदौर पुलिस ने कैलाश पिता सुरेश मालवीय और जितेंद्र पिता बसंत पवार को पकड़ा इनके पास से दो चाकू जप्त किए हैं। इसी प्रकार द्वारकापुरी पुलिस ने प्रकाश राठौड़ और जितेंद्र मीणा को पकड़ा। इनके पास से भी दो चाकू बरामद किए हैं सभी आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट का केस दर्ज किया है।

## अब आसमाँ से कटेगा चालान

### इंदौर में तीसरी आँख का पहरा-ट्रैफिक तोड़ने वालों की ख़ैर नहीं!

इंदौर

स्वच्छता में सात बार नंबर-1 रहने के बाद अब इंदौर ट्रैफिक को स्मार्ट बनाने की कवायद शुरू हो गई है। इंदौर पुलिस ने शहर की सड़कों पर हवाई स्ट्राइक शुरू कर दी है। अब अगर आप यह सोचकर नियम तोड़ रहे हैं कि सामने कोई पुलिसकर्मी नहीं है, तो सावधान हो जाइए! ऊपर उड़ रहा ड्रोन आपकी हर हरकत को कैद कर रहा है। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में शुरू हुए इस ड्रोन सर्विलांस ऑपरेशन ने शहर के बिगड़े ट्रैफिक को सुधारने के लिए मोर्चा संभाल लिया है।

**पिक-आवर्स में ड्रोन का चक्रव्यूह**

ट्रैफिक पुलिस ने शहर के उन चुनिंदा रास्तों को चिन्हित किया है जहाँ शाम के वक्त पैर रखने की जगह नहीं होती। राजवाड़ा, यशवंत रोड और खजूरी बाजार जैसे तंग इलाकों से लेकर एबी रोड,



एमआर-10 और विजयनगर जैसे फर्राटा भरने वाले रास्तों पर ड्रोन तैनात किए गए हैं। डीसीपी (ट्रैफिक) राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक, ड्रोन टीमें चारों जोन में सक्रिय हैं और सीधे कंट्रोल रूम को इनपुट भेज रही हैं।

**सेकंडों में एक्शन-वायरलेस पर गूँज़ती है लोकेशन**

ड्रोन की कार्यप्रणाली बेहद सटीक है। जैसे ही ड्रोन के कैमरे में कोई नो पार्किंग में खड़ी गाड़ी, रॉन्ग साइड चलता वाहन या जाम की स्थिति दिखती है, कंट्रोल रूम तुरंत नजदीकी पॉइंट पर तैनात जवान को वायरलेस सेट पर सूचना देता है। जवान मौके पर पहुँचकर तुरंत कार्रवाई करता है। पुलिस का कहना है कि उनका मकसद केवल चालान काटना नहीं, बल्कि यातायात को सुगुम बनाना है। तकनीक के इस्तेमाल से पुलिस उन संकरी गलियों में भी पहुँच रही है जहाँ अमूमन निगरानी मुश्किल होती है।

**आम जनता के लिए चेतावनी**

अखबार के माध्यम से पुलिस ने साफ कर दिया है कि यह मुहिम रुकने वाली नहीं है। आने वाले दिनों में ड्रोन की संख्या और बढ़ाई जाएगी। शहरवासी अब हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और सही लेन में चलने की आदत डाल लें, क्योंकि इंदौर पुलिस की यह तीसरी आँख अब न सोती है और न ही कुछ भूलती है।

## 2 लाख की ड्रग्स के साथ दो गिरफ्तार

इंदौर

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के द्वारा शहर को नशे से मुक्त किए जाने के अभियान के अंतर्गत क्राइम ब्रांच ने 20.78 ग्राम एचडी ड्रग्स के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जप्त की गई ड्रग्स की कीमत दो लाख से अधिक की है।

क्राइम ब्रांच के उपायुक्त राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक वी आईपी रोड के पास एक व्यक्ति के ड्रग्स के साथ होने की सूचना मिली थी। इसके बाद टीम ने घेराबंदी कर एक कार सवार युवक को पकड़ा। आरोपी का नाम अकरम खान निवासी देपालपुर है।



कार्य की तलाशी लेने पर हैंड ब्रेक के पास प्लास्टिक में रखी 20.78 ग्राम ड्रग्स बरामद की है। आरोपी अकरम की निशानदेही पर पुलिस ने जावेद उर्फ जग्गू निवासी हातोद को भी गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी ड्रग्स सस्ते दाम में खरीद कर नशा करने वालों को ऊंचे दामों पर बेचते थे।

### डिक्की से बैग चुराया

इंदौर। विदुर नगर में रहने वाली बबीता पति राजेंद्र शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह सुदामा नगर में रहने वाली बड़ी बहन से मिलने गई थी इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने एक्टिवा की डिक्की तोड़कर बैग चुरा लिया जिसमें नगदी 4580 रुपए क्रेडिट और एटीएम कार्ड रखा था ।

**घूरने पर चाकू मारा**

रंगवासा क्षेत्र में रहने वाले गोपाल पिता सुनील यादव ने पुलिस को बताया कि क्षेत्र में रहने वाले जितेंद्र पिता मदनलाल राठौर ने घूरने की बात को लेकर उसे चाकू मार दिया।

## ए आई फोटो एडिट कर छात्रा की सगाई तुड़वाई, केस दर्ज

इंदौर

बाणगंगा क्षेत्र में रहने वाली छात्रा को ब्लैकमेल कर सगाई तुड़वाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार निजी कॉलेज में प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही नंदिनी बदला हुआ नाम की रिपोर्ट पर विशाल पिता पप्पू गुर्जर निवासी राहु के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दज किया है। पीड़िता ने बताया कि वर्ष 20 24 में उसकी बहन की शादी के दौरान विशाल से दोस्ती हुई थी। दोनों एक दूसरे से सामान्य बातचीत करते थे इसी दौरान उसने कुछ फोटो भी लिए थे।

नंदिनी के मुताबिक कुछ समय बाद विशाल ने शादी का दबाव बनाना शुरू कर दिया। मना करने पर उसने जान से मारने की धमकी दी की शादी में खींची गई फोटो को एआई से एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दूंगा।

नंदिनी के मुताबिक आरोपी लगातार बात करने और रिश्ता स्वीकार करने का दबाव बनाता रहा। जब परिवार ने दूसरी जगह शादी की बात शुरू की तो विशाल ने वहां भी बदनाम करने और जान से मारने की धमकी दी। जब उसकी सगाई हुई तो आरोपी उसके घर पहुंच गया और मंगेतर के सामने पीड़िता को लेकर कई बातें कही। इसके बाद सगाई टूट गई।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी की हरकतों से वह मानसिक रूप से टूट गई थी और आत्महत्या तक का विचार आने लगा था। परिजन के कहने पर थाने पहुंच कर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया।

## शहर और ग्रामीण क्षेत्र में दो महिलाएं बलात्कार का शिकार, केस दर्ज

इंदौर

भंवर कुंवर और बेटमा थाना क्षेत्र में दो महिलाओं के साथ रेप की घटना सामने आई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 42 वर्षीय सीमा बदला हुआ नाम ने महिला थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह रॉयल बंगला भंवरकुवा में रहती है। उसके मुताबिक स्कीम नंबर 71 में रहने वाले अचल पिता प्रेम जैन से उसकी दोस्ती हुई और फिर दोनों एक दूसरे को पसंद करने लगे। आंचल जैन ने शादी का झांसा देकर 22 जून से 4 मार्च 26 तक शारीरिक संबंध बनाएं। पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो आंचल ने शादी करने से इनकार कर दिया और उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। महिला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रेप सहित मारपीट और धमकाने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

**भाई को मारने की धमकी देकर किया दुष्कर्म**

बेटमा थाना अंतर्गत ग्राम कराडिया क्षेत्र में महिला के साथ रेप किए जाने की घटना हुई।

### गांजा पीते बंदी

इंदौर। लसूडिया पुलिस ने निरंजन पर सब्जी मंडी में गांजा पीते हुए राजेश राठौर गोविंद पवार जितेंद्र सोलंकी कमलेश वर्मा और दो अन्य को पकड़ा इनके पास से नशे की पुड़िया बरामद की। सभी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### किशोरी का अपहरण

इंदौर। उषा नगर एक्सटेंशन में रहने वाली किशोरी परिजन को नौकरी पर जाने का बोलकर निकली थी जो लापता हो गई। परिजन ने उसे रिश्तेदार और अन्य जगह तलाश मगर उसका कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज किया है।

गांजा सहित दो बंदी

## महिला सिपाही से छेड़छाड़ करने वाले इंजीनियर को किया गिरफ्तार

इंदौर

बीती रात मेघदूत गार्डन के पास पैदल घूम रही महिला सिपाही के साथ छेड़छाड़ करने वाले मनचले इंजीनियर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिलाओं पर बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए पुलिस ने स्टिंग ऑपरेशन चलाया।



पुलिस ने देर रात दो महिलाओं को मेघदूत गार्डन के आसपास पैदल जाने को कहा वही एक कार में पुलिसकर्मी सवार थे जो महिला पुलिस कर्मी पर निगरानी रख रहे थे, इसी दौरान एक्टिवा सवार युवक महिला पुलिस कर्मी के पास पहुंचा और कहां क्या सिंगल हो तो मेरे साथ चलो। तभी पुलिस टीम ने युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सर्वेश साहू मूल निवासी सागर बताया।

सर्वेश इंदौर की एक आईटी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। पुलिस के मुताबिक आरोपी सर्विस साहू ने माफी मांगी मगर उसके खिलाफ पुलिस ने छेड़छाड़ की धारा में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

## हजरत नियाज़ अली के उर्स में लाखों लोग पहुंचे

### दरगाह की जियारत कर मांगी मन्नतें

इंदौर

इंदौर हजरत नियाज अली शाह के 137वें उर्स का आगाज, परचम कुशाई के साथ शनिवार को हुआ रात में संदल, लंगर और महफिल- तकरीर का आयोजन हुआ जिसमें लाखों लोगों ने शिरकत कर मन्नते मांगी सोमवार लंगरे नियाजी के साथ हुआ उर्स का समापन।।

शहर के मध्य स्थित बरसो पुरानी दरगाह हजरत नियाज अली शाह का 137वां तीन दिवसीय उर्स दरगाह पर परचम कुशाई के साथ शुरू हुआ था ,जिसमें रात में दरगाह शरीफ में संदल का कार्यक्रम हुवे साथ ही रविवार शाम वक्फ बोर्ड चेयरमैन डॉ. सनवर पटेल ने भी उर्स में शिरकत की ओर बेहतर इंतजाम के लिए सदर अशफाक हुसैन (गोलू )को



मुबारकबाद दी

दरगाह कमेटी अध्यक्षअशफाक हुसैन गोलू ने बताया कि सुबह 10 बजे परचम कुशाई हुई। रात में संदल के बाद तबर्रुख का इंतजाम रखा गया था जिसमें लाखों लोगों ने लंगर का लुत्फ लिया। तीसरे दिन रंग की महफिल के बाद उर्स का समापन हुआ मुख्य अतिथियों में वक्फ बोर्ड प्रदेश अध्यक्ष डॉ सनव्वर पटेल सनातनी विधायक गोलू शुक्ला बीजेपी नेता सावन सोनकर वक्फ बोर्ड जिला अध्यक्ष रेहान शेख,महफूज पठान,इस्माइल खान ,साबिर हाशमी शामिल रहे ।उर्स में शामिल होने वाले लाखों जायरिनों ने वक्फ दरगाह सदर अशफाक हुसैन को बेहतर व्यवस्थाओं के लिए दुवाओं से नवाजा ।

# पीआईइएमआर के 'उर्जोत्सव 2K26' में छात्रों को मिल रही भविष्य की तकनीकों की उड़ान




**इंदौर।** छात्रों में उभरती एवं भविष्य की तकनीकों के प्रति अभिरुचि जागृत करने तथा उन्हें उद्योगों की बदलती जरूरतों के अनुरूप कौशल संपन्न बनाने के उद्देश्य से प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग मैनेजमेंट एंड रिसर्च द्वारा अपने वार्षिक टेक्नो-कल्चरल फेस्ट 'उर्जोत्सव 2य26' के अंतर्गत तकनीकी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ड्रोन टेक्नोलॉजी और रोबोटिक्स जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों से रूबरू कराया जा रहा है।

पीआईइएमआर के सीनियर डायरेक्टर डॉ. मनोज कुमार देशपांडे ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि 30 अप्रैल से प्रारंभ हुए तकनीकी महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ कार्यशालाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को उभरती तकनीकों पर मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं तथा ज्ञानवर्धक संगोष्ठियों में विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकी चुनौतियों और नवाचार की संभावनाओं से भी अवगत कराया जा रहा है।

पीआईइएमआर के डायरेक्टर (एडमिशन) डॉ. राजीव रघुवंशी ने कहा कि इस वर्ष उर्जोत्सव का मुख्य उद्देश्य छात्रों का ध्यान एआई, मशीन लर्निंग, ड्रोन टेक्नोलॉजी और ब्लॉकचेन जैसी नई तकनीकों की ओर आकर्षित करना है।

डॉ देशपांडे ने बताया कि उर्जोत्सव के अंतर्गत 14 और 15 मई को दो दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें इंटर-कॉलेज समूह एवं एकल गायन, नृत्य, कविता, शायरी और योग आर्ट प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी

23 अप्रैल से प्रारंभ हुए उर्जोत्सव के प्रथम चरण में सात दिवसीय इंटर-हाउस स्पोर्ट्स फेस्ट आयोजित किया गया था। आईपीएल की तर्ज पर हुए इस आयोजन में विभिन्न छात्र समूहों ने खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। उर्जोत्सव 2K26 के द्वितीय चरण में 15 से 17 सितंबर 2026 के बीच उद्यमिता चैलेंज, हैकाथॉन, स्मार्ट कैंपस डिजाइन चैलेंज और रोबोटिक्स सिमुलेशन जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इनमें अधिकांश प्रतियोगिताएं नई एवं इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज पर आधारित होंगी।

# बिजली कंपनी के एमडी ने शहर के अधिकारियों की मिटिंग ली



**इंदौर।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने सोमवार शाम शहर के बिजली अधिकारियों की मिटिंग ली। उन्होंने मैंटेनेंस के कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि बिजली मैंटेनेंस की सफलता तभी मानी जाएगी, जब शिकायतें घटेगी, आपूर्ति अवधि में वृद्धि होगी। सिंह ने मुख्य अभियंता स्तर के अधिकारियों से सतत पर्यवेक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। इस दौरान जरूरत पड़ने पर ज्यादा क्षमता के ट्रांसफार्मर अविलंब लगाने के निर्देश दिए गए। नए ग्रिडों, नई लाइनों के कार्य समय पर करने को कहा गया। इस दौरान कार्यपालक निदेशक गजरा मेहता, मुख्य अभियंता एसएल करवाड़िया, एसआर बमनके, राजेश जैन, अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक संजय मालवीय, निर्मल शर्मा, तरूण उपाध्याय, शहर अधीक्षण यंत्री श्री डीके गाठे कार्यपालन अभियंताओं ने विचार रखे।

# स्वर शर्मा द्वारा शास्त्रीय गायन की उत्कृष्ट प्रस्तुति



**इंदौर।** श्री शनैश्चर जयंती महोत्सव 2026 एवं अखिल भारतीय संगीत समारोह वर्ष 83 के अंतर्गत आयोजित सांस्कृतिक संध्या में स्वर शर्मा ', 'भारतीय शास्त्रीय गायक' द्वारा शास्त्रीय गायन की उत्कृष्ट एवं भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। अपने मधुर स्वर, सुरों की शुद्धता एवं भावपूर्ण अभिव्यक्ति से उन्होंने उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुति में भारतीय शास्त्रीय संगीत की गरिमा, परंपरा एवं आध्यात्मिक भावों का सुंदर समन्वय देखने को मिला, जिसे उपस्थित संगीत प्रेमियों ने भरपूर सराहा।

## अब मनरेगा की जगह लेगा जी राम जी अधिनियम

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के ग्रामीण विकास और रोजगार परिदृश्य में 1 जुलाई 2026 से एक नए युग की शुरुआत होने जा रही है। प्रदेश में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (वीबी-जी राम-जी) अधिनियम-2025 पूरी तरह लागू हो जाएगा। इस नए कानून के प्रभावी होते ही बरसों से चली आ रही मनरेगा योजना स्वत: ही निरस्त हो जाएगी। नए अधिनियम का सबसे बड़ा आकर्षण अकुशल श्रमिकों के लिए रोजगार की अवधि को 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन करना है। भारत सरकार द्वारा अधिसूचित यह अधिनियम विकसित भारत @2047 के विजन को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य न केवल ग्रामीण परिवारों को आर्थिक सुरक्षा देना है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी अधोसंरचना (इन्फ्रास्ट्रक्चर) खड़ा करना भी है। अधिनियम में प्रावधान है कि यदि काम मांगने पर समय सीमा में रोजगार नहीं मिला, तो श्रमिक बेरोजगारी भत्ता पाने का हकदार होगा।

# यादों, दोस्ती और करियर अनुभवों से सजी एलुमनाई मीट




**इंदौर।** IPS Academ4 Institute of Hotel Management में 9 मई 2026 की शाम उस समय यादगार बन गई, जब 20 से 28 साल बाद विभिन्न बैचों के पूर्व छात्र-छात्राएं एक बार फिर अपने पुराने कॉलेज कैंपस में एकत्रित हुए। इस एलुमनाई मीट में एडमिशन बैच 2017 तक के 100 से अधिक पूर्व विद्यार्थियों ने भाग लिया और पुरानी यादों को ताजा करते हुए अपने वर्तमान जीवन के अनुभव एक-दूसरे के साथ साझा किए।कार्यक्रम में संस्था के वरिष्ठ मार्गदर्शक श्री निशित जैन एवं प्राचार्य श्री जे.के. गुप्ता ने पूर्व छात्रों के साथ समय बिताया और होटल इंडस्ट्री में विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने पर सभी को बधाई दी।

उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि संस्था को अपने पूर्व छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व है।इस अवसर पर अमरदीप सिंह, श्वेतांगी, हंसिका सहित अन्य पूर्व विद्यार्थियों ने वर्तमान में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से संवाद किया तथा अपने करियर ग्रोथ, इंडस्ट्री अनुभव और सफलता की कहानियां साझा कीं। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और निरंतर सीखने की प्रेरणा देते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम का समापन केक कटिंग और स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ हुआ। सभी पूर्व छात्र-छात्राओं ने इस खास मुलाकात के यादगार पलों को अपने मोबाइल कैमरों में कैद किया और वर्षों बाद दोस्तों से मिलकर भावुक एवं उत्साहित नजर आए।



# महंगाई की मार अब मरीजों की थाली पर, अस्पतालों में बढ़े खाने के दाम

### अस्पतालों में पेशेंट डाइट 17 फीसदी तक बढ़ी

**भोपाल ।** भोपाल सहित मध्यप्रदेश के कई शहरों में बढ़ती महंगाई का असर अब अस्पतालों में मरीजों की थाली तक पहुंच गया है। इलाज, दवाओं और बेड चार्ज के बाद अब अस्पतालों में मिलने वाले भोजन की कीमतों में भी बढ़ोतरी होने लगी है। कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के बढ़े दामों के कारण अस्पतालों ने पेशेंट डाइट के शुल्क में करीब 17 प्रतिशत तक की वृद्धि कर दी है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।जानकारी के अनुसार एनएबीएच मान्यता प्राप्त कई निजी अस्पतालों में मरीजों की थाली की कीमत 120 रुपये से बढ़ाकर 140 रुपये कर दी गई है। यानी भोजन खर्च में सीधे 16.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसका सबसे ज्यादा असर उन मरीजों पर पड़ रहा है जो आयुष्मान भारत योजना के दायरे में नहीं आते और निजी अस्पतालों में स्वयं खर्च उठाकर इलाज करा रहे हैं।अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि केवल गैस सिलेंडर ही नहीं, बल्कि बिजली दरों, डीजल आधारित बैकअप सिस्टम और परिवहन खर्च में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इससे अस्पतालों की संचालन लागत बढ़ गई है। गोविंदपुरा स्थित एक निजी अस्पताल के अधिकारी के मुताबिक फिलहाल पुराने अनुबंधों के कारण कई अस्पताल शुल्क नहीं बढ़ा पाए हैं, लेकिन लंबे समय तक बढ़े खर्च को वहन करना आसान नहीं होगा।महंगाई की यह मार सबसे ज्यादा मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवारों पर पड़ रही है। लगातार अस्पताल आने-जाने, जांच, दवाओं और भोजन पर बढ़ते खर्च के कारण कई परिवार आर्थिक दबाव में आ गए हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोगों का कहना है कि सरकारी अस्पतालों में भी दवाइयों, जांच और परिवहन का खर्च आम लोगों के लिए चुनौती बनता जा रहा है।विशेषज्ञों का मानना है कि स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती लागत आने वाले समय में आम नागरिकों की पहुंच से इलाज को और दूर कर सकती है। ऐसे में स्वास्थ्य सुविधाओं को किफायती बनाए रखने के लिए सरकार और निजी अस्पतालों दोनों को संतुलित व्यवस्था बनाने की जरूरत होगी।

### भोपाल मंडल से गुजरने वाली कई ट्रेनें रद्द

# कई के बदले रूट,19 मई तक असर,यात्रा से पहले जांचे स्टेटस

**भोपाल।** पुणे मंडल में 16 से 18 मई तक नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण भोपाल मंडल से गुजरने वाली कई ट्रेनें रद्द और कई ट्रेनों के रूट बदले गए हैं। 14 से 19 मई के बीच पुणे, गोरखपुर, दानापुर, झांसी और जबलपुर रूट की स्पेशल ट्रेनों पर असर रहेगा। रेलवे ने यात्रियों को यात्रा से पहले ट्रेन का स्टेटस जांचने की सलाह दी है।

**ये ट्रेनें रहेंगी निरस्त-** रेलवे के अनुसार पुणे-गोरखपुर, गोरखपुर-हडपसर, पुणे-दानापुर, दानापुर-हडपसर, झांसी-हडपसर और जबलपुर-पुणे समेत कई स्पेशल ट्रेनें 14 मई से 19 मई के बीच अलग-अलग तारीखों में रद्द रहेंगी। इससे लंबी दूरी के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**कई ट्रेनों का बदला गया रूट-** नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण हजरत निजामुद्दीन-यशवंतपुर एक्सप्रेस, बेंगलुरु-नई दिल्ली एक्सप्रेस, जम्मूतवी-पुणे एक्सप्रेस, हुबली-बनारस एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा। कुछ ट्रेनों को मनमाड-नाशिक-इगतपुरी-कल्याण-पनवेल होकर चलाया जाएगा, जबकि कुछ ट्रेनें सूरत-लातूर रोड-परभानी-छत्रपति संभाजीनगर मार्ग से गुजरेंगी। रेलवे ने बताया कि हडपसर-बनारस और बनारस-हडपसर एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग से चलाने के दौरान पनवेल, कल्याण और नाशिक स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव दिया जाएगा।

### शिक्षा से इलाज तक मिलेगी मदद

# श्रमिकों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का विस्तार, आवास और स्वास्थ्य पर फोकस

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार पंजीकृत निर्माण श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। सरकार का दावा है कि इन योजनाओं के जरिए श्रमिकों को जन्म से लेकर वृद्धावस्था तक आर्थिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास जैसी मूलभूत सुविधाओं की गारंटी दी जा रही है।श्रम विभाग और विभिन्न बोर्डों के माध्यम से पंजीकृत श्रमिकों को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रुपये, बेटियों के विवाह के लिए 49 हजार रुपये तक का अनुदान और आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।श्रमिक परिवारों के बच्चों की शिक्षा के लिए भी विशेष प्रावधान किए गए हैं। 'विदेश अध्ययन योजना' के तहत विद्यार्थियों को 40 हजार डॉलर तक की सहायता और प्रतिवर्ष अधिकतम 10 हजार अमेरिकी डॉलर का निर्वाह भत्ता दिया जा रहा है। वहीं राज्य एवं संघ लोक सेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 50 हजार रुपये तक की प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराई जा रही है।सरकार श्रमिकों के आवास निर्माण के लिए 1 लाख रुपये तक की सहायता दे रही है। इसके अलावा ई-स्कूटर खरीदने पर 40 हजार रुपये तक का अनुदान और कामकाजी औजारों के लिए भी आर्थिक सहायता सीधे बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजी जा रही है। पात्र श्रमिक श्रम सेवा पोर्टल और लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।श्रमिकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सरकार 'श्री ' अभियान भी चला रही है। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर पर जागरूकता फैलाकर अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीयन कराया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति शिक्षा, स्वास्थ्य और पेंशन जैसी सुविधाओं से वंचित न रहे।वहीं महिला श्रमिकों की सुरक्षा और सम्मान को ध्यान में रखते हुए 'श्रमणा' योजना संचालित की जा रही है। इसके तहत कार्यस्थलों पर पेयजल, विश्राम स्थल, बच्चों की देखभाल और सुरक्षित वातावरण जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे महिला श्रमिकों को बेहतर कार्य परिस्थितियां मिल सकें।

# किसान हितैषी नीतियों और योजनाओं से कृषि उत्पादन में हुई वृद्धि

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की किसान हितैषी नीतियों और योजनाओं के परिणामस्वरूप इस साल गेंहू उत्पादन 365.11 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। उत्पादकता बढ़कर 3780 किलो प्रति हेक्टेयर हो गई है। मध्यप्रदेश 'गेंहू प्रदेश' बन गया है। देश के कुल गेंहू उत्पादन में मध्यप्रदेश का योगदान 18 प्रतिशत है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मध्यप्रदेश के गेंहूं की मांग लगातार बनी हुई है। प्राकृतिक मिठास के कारण शरबती और डयूरम गेंहू की मांग जर्मनी, अमेरिका, इटली, यूके, दुबई, साउथ अफ्रीका जैसे देशों में बनी हुई है।

भारत से विदेशों को निर्यात किये जाने वाले गेहूँ में मध्यप्रदेश का योगदान 35 से 40 प्रतिशत होता है। प्रदेश के गेहूँ को ओमान, यमन, यूएई, साउथ कोरिया, कतर, बांग्लादेश, सउदी अरब, मलेशिया, साउथ अफ्रीका और इंडोनेशिया में पसंद किया जा रहा है। मध्यप्रदेश का गेहूं ब्रेड, बिस्किट और पास्ता के लिये सर्वाधिक उपयुक्त है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा गेंहू उत्पादक किसानों के हित में नई योजनाएं बनाने और समय पर मदद करने की रणनीति के फलस्वरूप मध्यप्रदेश ने परंपरागत गेंहू उत्पादक राज्यों की बराबरी कर ली है। वर्ष 2004-05 में सिर्फ 42 लाख हेक्टेयर में गेंहूं होता था।



### क्या है मध्यप्रदेश के गेंहूं में

भारत सरकार के गेहूँ अनुसंधान निदेशालय ने अपने अनुसंधान में दो हजार सेम्पल का परीक्षण करने के बाद उच्च स्तर की गुणवत्ता का दाना पाया। प्रदेश के सामान्य से सामान्य किस्म के गेहूँ में भी औसत रूप से 12.6 प्रतिशत प्रोटीन, 43.6 पीपीएम (पार्टस पर मिलियन) आयरन तथा 38.2 पीपीएम जिंक पाया गया है। कठिया प्रजाति के गेहूँ में भरपूर प्रोटीन, आयरन, मैग्नीज और जिंक है। इन्हीं विशेषताओं से मध्यप्रदेश के गेहूँ को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अच्छी कीमत मिलती है। प्रदेश में गेंहू की जो किस्में उगाई जाती हैं उनकी अपनी विशेषताएं हैं, जैसे जे.डब्ल्यू.एस.17, जे.डब्ल्यू. 3020 और जे.डब्ल्यू. 321 नामक गेहूँ की किस्में - एक सिंचाई में 35 क्विंटल तक उत्पादन देती हैं। जे.डब्ल्यू. 1142, जे.डब्ल्यू. 3288 तथा जे.डब्ल्यू. 1203 किस्मों से अधिक तापमान में भी बेहतर उत्पादन मिलता है। जे.डब्ल्यू. 1202 और जे.डब्ल्यू. 3288 तथा जे.डब्ल्यू. 1106 किस्में प्रोटीन से भरपूर हैं। एमपीआर 1215 और जे.डब्ल्यू. 3211 किस्में निर्यात के लिये बेहतर है।

### 100 लाख मीट्रिक टन उपार्जन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आग्रह पर गेंहू खरीदी का लक्ष्य 78 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 100 लाख मीट्रिक टन हो गया है। प्रदेश में गेंहू का उपार्जन जारी है। किसानों के लिए उपार्जन केन्द्रों में पूरे इंतजाम किए गये हैं। गेहूँ उपार्जन 23 मई तक चलेगा। किसानों से 2585 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा 40 रुपये प्रति क्विंटल बोनस राशि सहित 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूँ का उपार्जन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश देश का सबसे बडा प्रामाणिक बीज उत्पादक राज्य भी है। सहकारी क्षेत्र में बीज उत्पादन में पूरी तरह आत्मनिर्भर हो गया है। बीज उत्पादन कंपनियों से तीन लाख से ज्यादा किसान जुडे हैं। ये कंपनियां अब भंडारण विपणन और खादय प्रसंस्करण से भी जुड़ रही हैं। फार्मर प्रोडयूसर कंपनियों को और ज्यादा मजबूत बनाया जा रहा है।

### ओपन एरिया पर ताला कलेक्टर से की कार्रवाई की मांग

# ओपन एरिया पर ताला: नूतन नगर रहवासियों ने संस्था पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप

**देवास।**

नूतन नगर कॉलोनी के रहवासियों ने मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन सौंपकर नूतन गृह निर्माण संस्था पर कॉलोनीवासियों के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया। बड़ी संख्या में पहुंचे रहवासियों ने बताया कि संस्था द्वारा दो ओपन एरिया बताकर ऊंचे दामों में प्लॉट बेचे गए थे, लेकिन बाद में एक ओपन एरिया को स्कूल भूमि बताकर उस पर ताला लगा दिया गया। रहवासियों ने आवेदन में बताया कि संस्था ने लगभग 21,850 वर्गफीट भूमि को पहले ओपन एरिया के रूप में दर्शाया था, लेकिन बाद में नक्शे में छेड़छाड़ कर उसे ओपन फॉर स्कूल लिख दिया गया। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि उक्त भूमि पर आज तक स्कूल का निर्माण नहीं हुआ और न ही उसका कोई मानचित्र स्वीकृत हुआ है। इसके बावजूद संस्था ने गेट पर ताला लगाकर रहवासियों का प्रवेश बंद कर दिया। रहवासियों ने बताया कि



इससे पूर्व भी दो से तीन बार जनसुनवाई में आवेदन दिए जा चुके हैं। एक बार कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार मौके पर पहुंचे थे और पंचनामा बनाकर गेट का ताला खुलवाया गया था। साथ ही संबंधित विभागों को जांच के आदेश भी दिए गए थे।

जांच में नगर निगम सहित अन्य विभागों ने उक्त भूमि को ओपन एरिया मानते हुए नगर निगम को हैंडओवर किए जाने की बात कही थी। इसके बावजूद संस्था ने दोबारा गेट पर ताला लगा दिया, जो आज तक बंद है। आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया कि संस्था का पंजीयन निरस्त हो चुका है, फिर भी नियमों के विरुद्ध कॉलोनीवासियों की बिना सहमति उक्त भूमि को अपने समाज की संस्था गुरु सिंह सभा को दे दिया गया। रहवासियों ने मांग की कि स्कूल हेतु आवश्यक भूमि को छोडक़र शेष भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए तथा नगर निगम, टीएनसी, कॉपरेटिव सोसायटी और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर संस्था के सभी दस्तावेजों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। जनसुनवाई में धर्मेन्द्र ठाकुर, संजय बोर्डिया, सुनील कुशवाह, आशीष ठाकुर, दिलीप रघुवंशी, महेश गुप्ता आदि रहवासी बडी संख्या में उपस्थित थे।

### जनसुनवाई में 151 आवेदनों पर हुई सुनवाई

# आवेदनों का निराकरण समय सीमा में पूर्ण करें

**रतलाम।**

कलेक्टर कार्यालय में आज मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर मिशा सिंह एवं सीईओ जिला पंचायत वैशाली जैन ने आवेदकों को सुना एवं आवेदकों से आवेदन प्राप्त किए। आज जनसुनवाई में 151 आवेदन प्राप्त हुए। निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही उपस्थित विभागीय अधिकारियों से निराकरण करवाया गया एवं शेष आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया।

जनसुनवाई में रमेश पिता रामकिशन निवासी मोती नगर रतलाम ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास बनवाने हेतु आवास योजना की दूसरी किस्त देने के संबंध में आवेदन दिया। कार्यवाही हेतु आयुक्त नगर निगम को निर्देशित किया गया।

आवेदिका मंजु निवासी दीनदयाल नगर रतलाम ने बताया कि वह किराए के मकान में रहती है। उनके पति का स्वर्गवास हो गया है तथा पुत्र भी शारीरिक रूप से अपंग है। आवास के लिए भूमि का पट्टा एवं देने के संबंध में आवेदन दिया। कार्यवाही हेतु आयुक्त नगर निगम को निर्देशित किया गया।

### प्रॉपर्टी बिल्डर पर हमला सब्जी लेकर घर लौटते समय हमला

# डंडों से की मारपीट कार टकराने की बात पर विवाद

**देवास।**

मंगलवार सुबह करीब 11 बजे एक प्रॉपर्टी कारोबारी पर सिविल लाइन रोड पर हमला हुआ है। उन्हें डंडों से पीटा गया, जिससे वे घायल हो गए। घायल कारोबारी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रॉपर्टी कारोबारी राहुल सोनी सिविल लाइन रोड स्थित एक सब्जी दुकान पर रुके थे। सब्जी लेने के बाद जब वे अपनी कार में बैठने लगे, तभी एक अन्य कार से आए तीन लोगों ने उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने राहुल से कहा कि उनकी कार, राहुल की कार से टकराई है। राहुल ने उन्हें थाने चलकर बात करने को कहा। इस दौरान आरोपियों ने अपनी कार से डंडे निकाले और राहुल पर हमला कर दिया। मारपीट में राहुल के हाथ में चोट आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि हमलावरों ने उन्हें एक



प्रकरण से दूर रहने की धमकी दी और जान से मारने की बात भी कही। पीड़ित राहुल सोनी ने आशंका जताई है कि उनका जमीन से जुड़ा विवाद चल रहा है और यह हमला उसी रंजिश के तहत किया गया हो सकता है। हमले के बाद राहुल के अंकल और छोटे भाई मौके पर पहुंचे। वे राहुल को सिविल लाइन थाने ले गए, जहां से उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुकानदारों से पूछताछ की। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। सीएसपी सुमीत अग्रवाल ने बताया कि कार सवार लोगों द्वारा मारपीट की बात सामने आई है। साथ ही कार टकराने को लेकर विवाद की जानकारी भी मिली है। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### नौकरी से निकालने की धमकी का आरोप

# कर्मचारी ने जनसुनवाई में दिया आवेदन

**देवास।**

शहर के विश्राम बाग निवासी एवं गजरा गियर कंपनी में कार्यरत कर्मचारी लखन सिंह राजपूत ने जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन सौंपकर कंपनी प्रबंधन पर धमकी देकर नौकरी से निकालने का आरोप लगाया है। आवेदन में लखन सिंह राजपूत ने बताया कि वे पिछले 30 वर्षों से गजरा गियर कंपनी में कार्यरत हैं। उनका आरोप है कि दिनांक 07 अप्रैल 2026 को कंपनी के कारखाना प्रबंधक अमिताभ तिवारी राउंड पर आए और उन्हें नौकरी से निकालने की धमकी दी। आवेदन के अनुसार प्रबंधक ने कहा कि मैं तुम्हें टर्मिनेट कर दूंगा, तुम कहीं भी शिकायत कर दो, एसपी और कलेक्टर सब मेरी जेब में रहते हैं, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

पीड़ित कर्मचारी ने बताया कि इसके बाद 08 अप्रैल को उन्हें एक नोटिस दिया गया और पुनः 12 मई 2026 को भी कंपनी प्रबंधन द्वारा नोटिस जारी किया गया। इससे वे मानसिक रूप से परेशान हैं और अपनी नौकरी को लेकर भयभीत हैं। कर्मचारी ने कलेक्टर से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर उन्हें नौकरी से हटाए जाने से बचाया जाए तथा उचित न्याय दिलाया जाए।

# खाटू श्याम बाबा की महाआरती, अलौकिक श्रंगार के साथ लगेगा आज 56 भोग

**देवास।**

अमृत नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर में आज 13 मई को खाटू श्याम बाबा की भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा।

महाआरती शाम 7.30 बजे होगी। इस अवसर पर बाबा का अलौकिक श्रृंगार मोगरा, चमेली, चंदन एवं केसर से किया जाएगा तथा 56 भोग अर्पित किए जाएंगे। मंदिर समिति के अनुसार दोपहर 12 बजे भोग आरती होगी। वहीं शाम 6 बजे से श्रद्धालु पवित्र ज्योत के दर्शन कर सकेंगे।

कार्यक्रम में गायक हिमांशु विजयवर्गीय एवं महिला मंडल द्वारा श्याम भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की विशेष व्यवस्था की है। आयोजन के दौरान मंदिर के द्वार पूरे दिन श्रद्धालुओं के लिए खुले रहेंगे।



### कलेक्टर कार्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

# 190 अधिकारी-कर्मचारियों की हुई जांच,109 लोगों के लिए ब्लड सैंपल

**नीमच।**

कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार 12 मई को कलेक्टर कार्यालय परिसर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। एनसीडी नोडल अधिकारी डॉ.मनीष यादव के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में 190 अधिकारी एवं कर्मचारियों के ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर एवं बी.एम.आई. की जांच की गई।

जांच के दौरान 109 लोगों के ब्लड सैंपल लिए गए, जिनमें से 23 लोगों को हाई ब्लड प्रेशर एवं 17 लोगों को हाई ब्लड शुगर की समस्या पाई गई।



संबंधित कर्मचारियों को स्वास्थ्य परामर्श देकर आवश्यक चिकित्सीय सलाह एवं उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में संपर्क करने के निर्देश दिए गए।

डॉ.मनीष यादव ने बताया, कि समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने से गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान हो जाती है। सभी अधिकारियों-कर्मचारियों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने एवं जीवनशैली में सुधार लाने की अपील की गई है।

# वर्षों से बदहाल रास्ते से परेशान ग्रामीणों ने कलेक्टर से लगाई सडक़ निर्माण की गुहार

**देवास।**

ग्राम लसुल्डिया छत्रधार के ग्रामीणों ने खराब रास्ते की समस्या को लेकर डॉ. अंबेडकर राष्ट्रीय युवा संघ 50 फाइटर्स टीम के साथ जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन सौंपकर सडक़ निर्माण की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि मार्ग की स्थिति आगामी माह जून में बारिश आने वाली है और बारिश के समय रास्ता इतना खराब हो जाता है कि पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है, जबकि दोपहिया और चारपहिया वाहन निकालने में भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 15 मकानों में 60 से 70 लोग निवास करते हैं और यह मार्ग उनके आने-जाने का एकमात्र रास्ता है।



खराब सडक़ के कारण बीमार बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने में दिक्कत होती है। वहीं बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है, क्योंकि रास्ता खराब होने के चलते कई बार बच्चे स्कूल तक नहीं पहुंच पाते। आवेदन में बताया गया कि बरसात के दिनों में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है तथा रास्ता पूरी तरह बंद हो जाता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस समस्या को लेकर पूर्व में भी आवेदन दिया जा चुका है और सरपंच सहित संबंधित जिम्मेदार लोगों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों के साथ डॉ. अंबेडकर राष्ट्रीय युवा संघ 50 फाइटर्स टीम देवास के जिला अध्यक्ष हेमंत मालवीय, जिला सचिव विक्की मालवीय, कवि राधे परमार, लाखनसिंह परमार, विशाल परमार, निलेश परमार सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सडक़ निर्माण नहीं कराया गया तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# कचरा डंपिंग से बार-बार लग रही फसलों में आग

### कलेक्टर को सौंपा आवेदन



**देवास।**

राजीव गाँधी पंचायती राज संगठन (म.प्र.) के बैनर तले मंगलवार को जनसुनवाई में किसानों की समस्या को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुँचकर आवेदन सौंपा गया। आवेदन में आरोप लगाया गया कि ग्राम पंचायत दत्तोत्तर द्वारा कृषि भूमि के समीप कचरा डालकर उसमें आग लगाने से किसान को लगातार भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। संगठन अध्यक्ष मलखान सिंह देवड़ा ने बताया कि ग्राम दत्तोत्तर निवासी दीपक पिता हरिनारायण राठौर का खेत दत्तोत्तर सुतली के कांकड़ क्षेत्र में स्थित है।

किसान हरिनारायण पिता भेरूलाल की भूमि सर्वे नंबर 590 एवं 591 के पास शासकीय भूमि सर्वे नंबर 602/1 पर ग्राम पंचायत द्वारा गाँव का कचरा डंप किया जाता है। आरोप है कि पंचायत द्वारा समय-समय पर कचरे में आग लगाई जाती है, जिससे खेत की फसल, पाइप, घास और भूसा जलकर नष्ट हो जाते हैं। आवेदन में उल्लेख किया गया कि किसान ने कई बार ग्राम पंचायत सरपंच एवं सचिव को समस्या से अवगत कराया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। पिछले वर्ष 30 अप्रैल 2025 को लगी आग से किसान को बड़ा नुकसान हुआ था। वहीं 24 अप्रैल 2026 को भी आग लगने की घटना हुई, जिसमें आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड बुलानी पड़ी। किसानों ने मांग की है कि ग्राम पंचायत द्वारा कचरा फेंकने का स्थान तत्काल अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए, ताकि भविष्य में किसानों की फसल और संपत्ति को नुकसान न हो। आवेदन के साथ पूर्व में दिए गए शिकायत पत्र एवं पटवारी निरीक्षण पंचनामा की प्रतियां भी संलग्न की गई हैं। इस दौरान जनपद सदस्य राजकुमार देवड़ा, दीपक मोदी, सागर पाटीदार, संतोष बालचंद, राधेश्याम, प्रवीण, रवि, दीपक, हुकुम, गुर्जर, सुरेश, गोपाल, ओमप्रकाश आदि किसान उपस्थित थे।

# पति की दूसरी शादी से परेशान महिला ने जनसुनवाई में लगाई न्याय की गुहार



**देवास।**

कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में एक महिला ने पति द्वारा दूसरी शादी करने, भरण-पोषण बंद करने और लंबे समय से न्याय नहीं मिलने की शिकायत करते हुए कलेक्टर से इंसाफ की मांग की। लोहारदा नगर परिषद वार्ड क्रमांक 14 निवासी नीमा पिता माखनलाल पर्ते ने आवेदन में बताया कि उसकी शादी 18 अप्रैल 2023 को खातेगांव तहसील के ग्राम बड़ी बरछा निवासी प्रदीप पिता राजु भलावी के साथ हुई थी। महिला का आरोप है कि शादी के करीब छह माह बाद ही उसके पति ने दूसरी महिला के साथ विवाह कर लिया। इसके बाद उसके पिता उसे वापस मायके ले आए, तब से वह अपने माता-पिता के साथ रह रही है। महिला ने बताया कि मामले को लेकर वकील के माध्यम से न्यायालय में केस लगाया गया, लेकिन लगभग चार वर्षों से केवल तारीख पर तारीख मिल रही है और अब तक कोई निर्णय नहीं हो पाया है। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि उसके पति ने दहेज का सामान भी अपने पास रख लिया है तथा पिछले पांच महीनों से मिलने वाला 1000 रुपये का भरण-पोषण भत्ता भी बंद हो गया है। आवेदन में महिला ने अपने माता-पिता की खराब स्वास्थ्य स्थिति का भी उल्लेख किया। उसने बताया कि उसके पिता हाल ही में इंडेक्स अस्पताल में 15 दिनों तक भर्ती रहे, जबकि उसकी मां को भी गंभीर हालत में यश हॉस्पिटल में भर्ती कराना पड़ा था। दोनों के इलाज से परिवार आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान है। महिला ने जनसुनवाई में भावुक होकर कहा कि लगातार न्याय नहीं मिलने से वह मानसिक तनाव में है। उसने कलेक्टर से तत्काल कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की है।

### हिन्द फौज व खेल एवं युवा कल्याण विभाग के समर कैंप की शानदार शुरुआत

# खिलाड़ी व अभिभावकों ने बड़ी संख्या लिया हिस्सा

**देवास।**

हिन्द फौज एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के नेतृत्व में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले समर कैंप की इस वर्ष भी शानदार शुरुआत हुई। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में 300 खिलाडिय़ों के साथ 300 अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। हिन्द फौज कमांडर सीएसएम जितेंद्र गोस्वामी ने बताया कि समर कैंप का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया रहे। इस अवसर पर देवास जिला मास्टर एथलेटिक्स मुख्य संरक्षक विकास गिरी, उपाध्यक्ष रवि अग्रवाल, खेल एवं युवा कल्याण विभाग से जावेद पठान, संस्था मानस से हेमंत शर्मा, हिन्द फौज रक्तदान गतिविधि संचालन अधिकारी सीमा गिरी, हिन्द फौज शिक्षा संचालन अधिकारी श्रीजा अग्रवाल, थ्रो बॉल उपाध्यक्ष नलिनी कालेलकर, कोषाध्यक्ष चंद्रकांत जगताप, हिन्द फौज एथलेटिक प्रशिक्षक संचालन ताशिन शेख, थ्रो बॉल ममता श्रीवास्तव, हिन्द फौज डांस संचालन मालवीय सर एवं हिन्द फौज सैनिक जय श्री मैम उपस्थित रहे। हिन्द फौज द्वारा संचालित गतिविधियों में शामिल होने के लिए सुबह 6 से 9 बजे तथा शाम 4.30 से 6 बजे तक मध्यप्रदेश शासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के नियम अनुसार 11 रुपए पंजीयन शुल्क निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम का संचालन रीना पटेल ने किया।



# क्षिप्रा नदी की सफाई और गहरीकरण के लिए कलेक्टर को दिए पीले चावल

**देवास।**

देवास में क्षिप्रा नदी की दयनीय स्थिति और प्रशासनिक उपेक्षा के कारण नदी की सफाई और गहरीकरण अधर में अटका हुआ है। वर्तमान में चल रहे जल गंगा स्वर्ण अभियान में क्षिप्रा नदी की उपेक्षा की जा रही है। मां क्षिप्रा नदी बचाओ फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश बराना प्रजापति ने भारतीय परंपरा के अनुसार पीले चावल देकर देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह को स्नेहपूर्वक निमंत्रण देकर क्षिप्रा नदी की ओर ध्यान देने का अनुरोध किया। बराना ने बताया आवेदन में क्षिप्रा नदी की स्वच्छता और गहरीकण कार्य को सामूहिक रूप से शुरू करवा कर मां क्षिप्रा नदी को प्रवाहमान बनाने और जल सहेजने के जल गंगा संवर्धन अभियान में मां क्षिप्रा नदी को सम्मिलित कर सफाई और गहरीकरण करवाने का उल्लेख किया गया है। क्षिप्रा नदी देवास की पेयजल आपूर्ति का महत्वपूर्ण स्त्रोत है। अमावस, पूर्णिमा और अन्य प्रमुख अवसरों पर यहां श्रद्धालु स्नान के लिए आते हैं लेकिन यहां पर घाट हमेशा सूखे रहते हैं जिस कारण श्रद्धालु प्रशासन को कोसते हुए बिना स्नान किए वापस लौट जाते हैं। इसके अलावा अलग अलग गांवों में से निकलने वाले गंदे नाले भी क्षिप्रा नदी में ही मिला कर क्षिप्रा नदी को प्रदूषित किया जा रहा है लेकिन अभी तक क्षिप्रा के लिए अभी तक कोई कार्य योजना नहीं बनाई गई है। इसलिए शासन के समाजसेवा से जुड़े विभाग मेरा युवा भारत (नेहरू युवा केंद्र), मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद , आनंद विभाग और अन्य सामाजिक संस्थाओं को सम्मिलित कर क्षिप्रा नदी की स्वच्छता और गहरीकरण का कार्य करवाने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना बना कर मां क्षिप्रा नदी का शुद्धिकरण और गहरीकरण शुरू करवाएं। कलेक्टर महोदय ने शुक्रवार से कार्य शुरू करवाने का आश्वासन भी दिया।




शेयर बाजार गिरावट पर बंद

# सेंसेक्स 1456, निफ्टी 436 अंक गिरा

मुंबई (ईएमएस)।

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को भी गिरावट के साथ बंद हुआ। वहीं गत दिवस भी बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दूनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,456.04 अंक गिरकर 74,559.24 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 436.30 अंक टूटकर 23,379.55 पर बंद हुआ।




बाजार में ये गिरावट अमेरिका और ईरान के बीच तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में आ रही तेजी से आई है। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी से भी बाजार टूटा है। आज सेंसेक्स के शेयरों में टेक महिंद्रा, अदानी पोर्ट्स, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाइटन और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर गिरे जबकि केवल स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शेयर में ही तेजी रही। जानकारों के अनुसार पश्चिम एशिया में संघर्ष के बढ़ने और तेल एवं गैस आपूर्ति पर असर पड़ने की आशंकाओं से बाजार धारणा प्रभावित हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के शांति प्रस्ताव को खारिज किये जाने से भी बाजार में अनिश्चितता आई है। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट पर खुला। सुबह के कारोबार में निफ्टी 0.45 फीसदी की गिरावट के साथ 23,716.25 पर पहुंच गया, जबकि सेंसेक्स 0.53 फीसदी टूटकर 75,614.93 के स्तर पर आ गया। दूसरी ओर एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का एसएसई कम्पोजिट गिरावट में जबकि जापान का निक्की 225 और हांगकांग का हैंग बढ़त में रहे। अमेरिकी बाजार सोमवार को सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे।

## फ्रैक्टल एनालिटिक्स का चौथी तिमाही में मुनाफा बढ़कर 116 करोड़ हुआ

नई दिल्ली (ईएमएस)। कृत्रिम मेधा (एआई) कंपनी फ्रैक्टल एनालिटिक्स का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में मुनाफा दोगुना से अधिक होकर 116 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मुनाफा 55.5 करोड़ रुपये था। फ्रैक्टल एनालिटिक्स के एक अधिकारी ने कहा कि इस वृद्धि का नेतृत्व स्वास्थ्य देखभाल और जीवन विज्ञान खंड ने किया, जिसमें चौथी तिमाही में 82 प्रतिशत और समूचे वर्ष में 66 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। इसके बाद बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा खंड में पूरे वर्ष में 32 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 17 प्रतिशत बढ़कर 886 करोड़ रुपये हो गई जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 757.5 करोड़ रुपये थी। अमेरिका क्षेत्र का कंपनी के कुल राजस्व में 68 प्रतिशत योगदान है। इस तिमाही के दौरान इसमें सालाना आधार पर 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यूरोप का योगदान कंपनी के कुल राजस्व में 18 प्रतिशत रहा और जनवरी-मार्च तिमाही में इसमें सालाना आधार पर 24 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

### संक्षिप्त समाचार

## निजी अस्पतालों में इलाज करवाना हुआ 10 गुना महंगा : रिपोर्ट

नई दिल्ली (ईएमएस)। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसएसओ) की स्वास्थ्य पर घरेलू सामाजिक खपत पर आधारित एक ताजा सर्वेक्षण रिपोर्ट ने चिंताजनक आंकड़े पेश किए हैं। बीते तीन दशकों में देश के निजी अस्पतालों में इलाज का खर्च लगभग दस गुना तक बढ़ गया है, जो 1995-96 में 4,822 रुपये से बढ़कर 2025 तक 50,508 रुपये हो गया है। यह भारी वृद्धि न केवल निजी बल्कि सरकारी अस्पतालों में भी देखी गई है, जहां इलाज का खर्च 2,138 रुपये से बढ़कर 6,631 रुपये हो गया है, जो तीन गुना इजाफे को दर्शाता है। इस रिपोर्ट के अनुसार, निजी और सरकारी अस्पतालों के बीच इलाज के खर्च का अंतर अब काफी बढ़ गया है; जो पहले दोगुना था, अब मरीजों को निजी अस्पतालों में सरकारी के मुकाबले सात गुना से अधिक पैसा अपनी जेब से खर्च करना पड़ रहा है। सर्वेक्षण में एक और महत्वपूर्ण बदलाव की ओर इशारा किया गया है। इन तीन दशकों में पहली बार सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने वाले ग्रामीण मरीजों का अपनी जेब से होने वाला खर्च शहरी मरीजों से अधिक पाया गया है। विशेषकर, ग्रामीण परिवारों में सबसे निचले 20 प्रतिशत आय वर्ग में अस्पताल में भर्ती होने की लागत शहरी समकक्षों से ज्यादा है। रिपोर्ट यह भी दर्शाती है कि राज्यों में यह खर्च अलग-अलग हो रहा है, जहां सबसे अधिक और सबसे कम खर्च वाले राज्यों के बीच लगभग तीन गुना का अंतर दर्ज किया गया है।

## हुंडई मोटर इंडिया का शेयर 3 फीसदी बढ़कर 1,907 पर पहुंचा

नई दिल्ली (ईएमएस)। हुंडई मोटर इंडिया (एचएमआईएल) का शेयर करीब 3 फीसदी उछलकर 1,907 पर पहुंच गया। कंपनी के मजबूत एसयूवी पोर्टफोलियो और आगामी मॉडल लॉन्च योजनाओं को देखते हुए ब्रोकरेज हाउसेज ने इसमें जोरदार तेजी की उम्मीद जताई है। मार्च तिमाही में एचएमआईएल की आय 5 फीसदी बढ़कर 189.2 रुपए अरब रही, जिसमें घरेलू बिक्री और निर्यात दोनों में करीब 9 फीसदी की वृद्धि हुई। कच्चे माल व नए प्लांट की शुरुआती लागत से मार्जिन दबाव में रहा, लेकिन अन्य आय ने मुनाफे को अनुमान से बेहतर बनाए रखा। कंपनी अगले कुछ सालों में एक नई मिड-साइज एसयूवी और कॉम्पैक्ट इलेक्ट्रिक एसयूवी समेत कई मॉडल लॉन्च करेगी। वित्त वर्ष 26 में कुल घरेलू बिक्री में एसयूवी की हिस्सेदारी 68 फीसदी रही, जो प्रीमियम सेगमेंट पर उसके मजबूत फोकस को दर्शाती है। इस सकारात्मक आउटलुक के कारण, मोतीलाल ओसवाल, नुवामा और आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज जैसे ब्रोकरेज ने एचएमआईएल पर बाय रेटिंग बरकरार रखी है। नुवामा ने 2,400 रुपए (मौजूदा भाव से 30 फीसदी ऊपर) का लक्ष्य दिया है।

## डाकघर की एमआईएस, पति-पत्नी मिलकर पाएं हर महीने 9,250 की निश्चित आय

### सुरक्षित सरकारी स्कीम, 7.4 फीसदी वार्षिक ब्याज और 5 साल में पूरा मूलधन वापस

नई दिल्ली (ईएमएस)।

डाकघर मासिक आय योजना (एमआईएस) केंद्र सरकार द्वारा समर्थित एक विश्वसनीय बचत योजना है, जो निवेशकों को एकमुश्त जमा पर हर महीने तय आय प्रदान करती है। यह योजना विशेष रूप से उन लोगों के लिए फायदेमंद है जो नियमित मासिक आय चाहते हैं, जैसे सेवानिवृत्त व्यक्ति, गृहिणियां या सुरक्षित निवेश की तलाश कर रहे परिवार। इसमें निवेश की गई पूरी रकम मैच्योरिटी पर वापस मिल जाती है। फिलहाल, इस स्कीम पर 7.4 प्रतिशत सालाना ब्याज दिया जा रहा है, जिसकी राशि हर महीने सीधे आपके पोस्ट ऑफिस सेविंग अकाउंट में जमा हो जाती है। यह योजना कम जोखिम के साथ एक स्थिर आय का स्रोत प्रदान करती है। इसमें न्यूनतम 1,000 रुपए से निवेश शुरू किया जा सकता है। अधिकतम निवेश सीमा सिंगल अकाउंट के लिए 9 लाख रुपए और जॉइंट अकाउंट के लिए 15 लाख रुपए तय की गई है। पति-पत्नी मिलकर जॉइंट अकाउंट खोलकर इस योजना का अधिकतम लाभ उठा सकते हैं। उदाहरण के लिए, यदि पति-पत्नी मिलकर जॉइंट अकाउंट में अधिकतम 15 लाख रुपए जमा करते हैं, तो मौजूदा 7.4 फीसदी ब्याज दर के हिसाब से उन्हें हर महीने लगभग 9,250 रुपए की निश्चित आय प्राप्त होगी। इस तरह निवेशक को हर महीने बिना किसी जोखिम के तय इनकम मिलती रहेगी। पोस्ट ऑफिस एमआईएस स्कीम की मैच्योरिटी अवधि 5 साल होती है, जिसके बाद निवेश की गई पूरी रकम वापस मिल जाती है। इस योजना में निवेश के लिए पोस्ट ऑफिस सेविंग अकाउंट का होना अनिवार्य है।

## एलपीजी का उत्पादन 54,000 टन प्रतिदिन तक बढ़ाया गया : पुरी

### - प्रधानमंत्री ने विदेशी मुद्रा बचाने के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी

नई दिल्ली (ईएमएस)।

तेल मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को पश्चिम एशिया संघर्ष के बावजूद देश में ईंधन की कोई कमी न होने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि सरकार ने एलपीजी उत्पादन को 35,000-36,000 टन प्रतिदिन से बढ़ाकर 54,000 टन प्रतिदिन कर दिया है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से मितव्ययिता बरतने और आर्थिक दबाव कम करने के लिए सावधानी बरतने की अपील की है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक सम्मेलन में पुरी ने कहा कि देश के पास 69 दिन का कच्चे तेल एवं एलएनजी तथा 45 दिन का एलपीजी भंडार मौजूद है। उन्होंने प्रधानमंत्री की मितव्ययिता की अपील को पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न राजकोषीय दबाव को कम करने के उपायों पर विचार करने का संकेत बताया। रविवार को प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिकों से पश्चिम एशिया संकट के प्रतिकूल प्रभावों से अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए मितव्ययिता बरतने का आग्रह किया था। उन्होंने पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने और वर्क फ्रॉम होम जैसे उपायों की वकालत की। इसके अतिरिक्त, विदेशी मुद्रा बचाने के लिए एक वर्ष के लिए सोने की खरीद और विदेश यात्राओं को टालने की सलाह भी दी गई।



## नासिक में प्याज किसान आक्रोशित नंदगांव मंडी समिति भंग करने की मांग

नासिक (ईएमएस)।

महाराष्ट्र के नासिक जिले में प्याज की कीमतों में भारी गिरावट के चलते किसानों का गुस्सा भड़क उठा है। मंगलवार को किसानों के एक संगठन ने नंदगांव कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) को तत्काल भंग करने की मांग की, आरोप लगाया कि यह समिति प्याज की नीलामी कराने में बुरी तरह विफल रही है। उत्पादकों का कहना है कि उन्हें लागत और परिवहन खर्च भी नहीं मिल पा रहा है। इसी विरोध के तहत, सोमवार को किसानों ने नंदगांव एपीएमसी परिसर के बाहर ट्रैक्टर-भर प्याज फेंककर प्रशासन और व्यापारियों के खिलाफ नारेबाजी की थी। महाराष्ट्र राज्य प्याज उत्पादक संघ ने आरोप लगाया कि बाजार समिति निष्क्रिय हो चुकी है और संचालन पर कोई प्रशासनिक नियंत्रण नहीं है। औसत प्याज 800-1,000 रुपये प्रति क्विंटल बिक रहा है, जबकि कुछ किस्मों की कीमत 1 से 4 रुपये प्रति किलोग्राम तक गिर गई है। संघ ने कहा, यदि समिति किसानों की उपज की नीलामी नहीं कर सकती, तो उसे भंग कर प्रशासक नियुक्त किया जाए और लापरवाह अधिकारियों को निलंबित किया जाए। किसानों का कहना है कि नीलामी प्रक्रिया में बाधा से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। संघ ने जल्द राहत न मिलने पर आंदोलन तेज करने की धमकी दी है।

## गोवा सरकार का श्रमिक कल्याण पैकेज उद्योग और संगठन ने सराहा

पणजी (ईएमएस)। गोवा सरकार द्वारा श्रमिक वर्ग के लिए घोषित व्यापक कल्याणकारी योजनाओं का राज्य के श्रमिक संगठनों, उद्योग प्रतिनिधियों और स्वयं श्रमिकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया है। इन पहलों को कार्यबल को सशक्त बनाने और उनके जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया जा रहा है। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने 1 मई को गोवा की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले श्रमिक वर्ग के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री सावंत द्वारा घोषित योजनाओं में मृत श्रमिकों के परिवारों को 50,000 रुपये और कार्यस्थल पर घायल श्रमिकों को 25,000 रुपये की वित्तीय सहायता का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त, डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण, बुजुर्ग माता-पिता के लिए चिकित्सकीय सहायता, बच्चों की प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग और ट्यूशन फीस प्रतिपूर्ति जैसे कदम भी उठाए गए हैं। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दुर्घटना बीमा भी सुनिश्चित किया गया है। राज्य ने 20 श्रमिकों को श्रम गौरव श्रमिक मित्र पुरस्कार से सम्मानित भी किया। दीर्घकालिक सेवा को प्रोत्साहित करते हुए, 20 वर्ष से अधिक की सेवा वाले श्रमिक 15,000 रुपये की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिससे अब तक 1.4 लाख से अधिक श्रमिक लाभान्वित हुए हैं। एक उद्योग प्रतिनिधि ने इन पहलों को सरकार की श्रमिक सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि डिजिटल कौशल आज की दुनिया में आवश्यक हैं और प्रशिक्षण शुल्क की पूर्ण प्रतिपूर्ति से श्रमिकों की रोजगार क्षमता बढ़ेगी। श्रमिक नेताओं ने भी इन कदमों का स्वागत करते हुए विशेष रूप से 15,000 रुपये के प्रोत्साहन, गंभीर बीमारी के दौरान वित्तीय सहायता और एमबीबीएस-इंजीनियरिंग जैसे पेशेवर पाठ्यक्रमों में पढ़ रहे बच्चों के लिए शैक्षिक सहायता जैसे लाभों को सराहा।

### अभिषेक बनर्जी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

कोलकाता, (ईएमएस)। टीएमसी सांसद और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी को हाईकोर्ट ने कड़ी चेतावनी दी है। अदालत ने स्पष्ट कहा कि अगली सुनवाई में यदि उनकी ओर से बहस नहीं हुई तो गिरफ्तारी पर लगी अंतरिम रोक हटा दी जाएगी। मामला पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय द्वारा दायर मानहानि केस से जुड़ा है। आरोप है कि नवंबर 2020 में कोलकाता की एक सभा में अभिषेक बनर्जी ने आकाश विजयवर्गीय को 'गुंडा' कहा था। इसी बयान को लेकर 2021 में विशेष अदालत में परिवाद दायर किया गया था। सुनवाई के दौरान बनर्जी पक्ष ने सांसद होने और फरार होने की आशंका नहीं होने का तर्क दिया, लेकिन कोर्ट ने लगातार समय मांगने पर नाराजगी जताई। हाईकोर्ट ने साफ कर दिया कि अब मामले में और देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### कई देशों में केरल की नर्सों की मांग

कोट्टायम (ईएमएस)। केरल की नर्सें आज दुनिया भर के स्वास्थ्य क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। खासतौर पर ब्रिटेन में केरल की नर्सों की भारी मांग है, जहां हर साल करीब 5 हजार नर्सें काम के लिए पहुंच रही हैं। बेहतर प्रशिक्षण, अंग्रेजी पर अच्छी पकड़ और सेवा भावना के कारण ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और खाड़ी देशों में केरल की नर्सों को प्राथमिकता दी जाती है। रिपोर्ट के अनुसार कई विदेशी अस्पतालों में भारतीय नर्सों, विशेषकर केरल की महिलाओं, की संख्या लगातार बढ़ रही है। स्वास्थ्य सेवाओं में स्टाफ की कमी से जूझ रहे देशों के लिए केरल की नर्सें बड़ी ताकत बन गई हैं। विदेशों में बेहतर वेतन और सुविधाओं के कारण बड़ी संख्या में युवा नर्सें विदेश का रुख कर रही हैं, जिससे राज्य के अस्पतालों में भी स्टाफ की कमी महसूस होने लगी है।

## देश के 19 राज्यों में बिगड़ेगा मौसम का मिजाज

### आंधी-बारिश और वज्रपात को लेकर अलर्ट जारी



नई दिल्ली (ईएमएस)। मई के महीने में गर्मी के बीच मौसम एक बार फिर करवट बदलने वाला है। पिछले कुछ दिनों से आसमान साफ रहने के बाद मौसम विभाग ने एक बार फिर देश के कई हिस्सों में तेज आंधी और बारिश की चेतावनी जारी की है। 12 मई को उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब और हरियाणा सहित कुल 19 राज्यों में खराब मौसम का अलर्ट है। विभाग ने आगाह किया है कि इस दौरान न केवल बारिश होगी, बल्कि कई स्थानों पर बिजली गिरने (वज्रपात) की भी संभावना है।

### ऊंचाई वाले इलाकों की यात्रा टालना होगा बेहतर

विशेष रूप से पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों और पर्यटकों को सावधान रहने की सलाह दी गई है, क्योंकि भारी बारिश के चलते भूस्खलन का खतरा बढ़ सकता है। ऐसे में फिलहाल ऊंचाई वाले इलाकों की यात्रा टालना ही बेहतर होगा। राजधानी दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में भी मध्यम बारिश के साथ धूलभरी आंधी चलने की आशंका है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के ऊपर बने चक्रवाती परिसंचरण के कारण यह बदलाव देखने को मिल रहा है। हालांकि बारिश के आसार हैं, लेकिन दिल्ली का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। वहीं बिहार और झारखंड में मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

### मां के निधन के बाद सूने घर में थमी धनंजय की सांसें

देहरादून, (ईएमएस)। आज समाज के बदलते स्वरूप और रिश्तों की कड़वी हकीकत बयां कर रहा है। 60 वर्षीय धनंजय सिंह राणा अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनकी मृत्यु केवल एक जीवन का अंत नहीं है, बल्कि यह दरकते पारिवारिक ढांचों और शहरी एकाकीपन की एक दर्दनाक तस्वीर पेश करती है। अपने घर में अकेले दम तोड़ने वाले धनंजय का शव फिलहाल कोरोनेशन अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है, जहाँ पुलिस नियमानुसार किसी 'सगे' के आने का इंतजार कर रही है, हालांकि इसकी उम्मीद बेहद कम नजर आती है। धनंजय के लिए उनकी मां ही उनका पूरा संसार थीं।






फिलीपींस की संसद में वोटिंग से पहले उपराष्ट्रपति सारा डुटरटे के खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव लाने की मांग करते हुए प्रदर्शनकारी। -फोटो-ईएमएस

## सीमा पर फेसिंग के लिए सीएम सुवेंदु ने दिए जमीन सौंपने के आदेश

कोलकाता, (ईएमएस)। पश्चिम बंगाल में भाजपा की नई सरकार के गठन के साथ ही सीमा सुरक्षा को लेकर एक कड़ा रुख देखने को मिला है। मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी की अध्यक्षता में हुई पहली कैबिनेट बैठक में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के कार्य में तेजी लाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। सरकार ने आदेश दिया है कि सीमा के जिन हिस्सों में अभी तक बाड़ (फेंसिंग) नहीं लगी है, वहां कांटेदार तार लगाने के लिए सीमा सुरक्षा बल को 45 दिनों के भीतर जमीन सौंप दी जाए। इस फैसले ने न केवल राज्य की राजनीति बल्कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में भी हलचल पैदा कर दी है।



सुवेंदु सरकार के इस प्रशासनिक कदम पर बांग्लादेश की ओर से तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई है। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान के विदेश मामलों के सलाहकार हुमायूँ कबीर ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि बांग्लादेश को कांटेदार तारों से डराया नहीं जा सकता। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि चुनावी भाषण देना और वास्तविक शासन चलाना दो अलग बातें हैं। ढाका अब यह देख रहा है कि बंगाल की नई सरकार अपने चुनावी वादों को प्रशासनिक फैसलों में किस हद तक बदलती है। कबीर ने यह भी स्पष्ट किया कि बांग्लादेश का प्राथमिक कूटनीतिक संवाद भारत की केंद्र सरकार के साथ होता है, न कि किसी विशेष राज्य सरकार के साथ।

फ्लोर टेस्ट आज : थलापति विजय की पार्टी टीवीके के लिए बड़ी खुशखबरी....

## एआईएडीएमके में टूट से टीवीके को मिला समर्थन

चेन्नई, (ईएमएस)। तमिलनाडु की सियासत में मंगलवार को एक ऐसा मोड़ आया जिसने राज्य के पूरे राजनीतिक समीकरण को बदलकर रख दिया है। बुधवार 13 मई को फ्लोर टेस्ट होना है। इससे पहले विजय की पार्टी टीवीके के लिए यह दिन बड़ी खुशखबरी लेकर आया। विधानसभा में बहुमत के आंकड़े के लिए संघर्ष कर रही टीवीके को अब एआईएडीएमके में हुई बड़ी टूट का सीधा फायदा मिला है। पूर्व मंत्री सीवी शनमुगम के नेतृत्व वाले एआईएडीएमके के एक बड़े गुट ने आधिकारिक तौर पर थलापति विजय को समर्थन देने का ऐलान कर दिया है।

जिससे फ्लोर टेस्ट से पहले विजय की सरकार बेहद मजबूत स्थिति में आ गई है।



तमिलनाडु की प्रमुख विपक्षी पार्टी एआईएडीएमके अब स्पष्ट रूप से दो धड़ों में बंट गई है। आंकड़ों की बात करें तो पूर्व मुख्यमंत्री ई. पलानीस्वामी (ईपीएस) के पास अब केवल 22 विधायकों का समर्थन बचा है, जबकि सीवी शनमुगम के नेतृत्व वाले विद्रोही गुट के पास 24 विधायकों का साथ है। इस विद्रोही गुट ने थलापति विजय के पाले में जाने का फैसला कर राज्य की राजनीति में हलचल मचा दी है।

सीवी शनमुगम ने मंगलवार सुबह इस फैसले की पुष्टि करते हुए कहा कि उनकी पार्टी का जन्म ही डीएमके के विरोध में हुआ था और पिछले 53 वर्षों से उनकी राजनीति इसी विचारधारा पर टिकी है। शनमुगम ने खुलासा किया कि पार्टी के भीतर एक प्रस्ताव आया था कि डीएमके के सहयोग से सरकार बनाई जाए, जिसे उनके गुट ने सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने तर्क दिया कि यदि वे डीएमके के साथ गठबंधन करते, तो एआईएडीएमके का अस्तित्व ही समाप्त हो जाता।

### विजय के लिए यह समर्थन किसी संजीवनी से कम नहीं

अपने स्वाभिमान और विचारधारा को बचाने के लिए उन्होंने थलापति विजय की टीवीके को समर्थन देना बेहतर समझा। इस गुट ने एसपी वेलुमणि को अपना फ्लोर लीडर भी चुन लिया है। थलापति विजय के लिए यह समर्थन किसी संजीवनी से कम नहीं है। चुनाव परिणामों के बाद जहां वे बहुमत के लिए एक-एक विधायक के समर्थन की उम्मीद कर रहे थे, वहीं अब विधायकों का एक पूरा कुनबा उनके साथ खड़ा है। इस घटनाक्रम ने न केवल सत्ताधारी डीएमके को झटका दिया है, तमिलनाडु की द्विदलीय राजनीति में एक तीसरे मजबूत विकल्प के उदय पर मुहर लगा दी है।

# आईपीएल में आज होगा आरसीबी और केकेआर का मुकाबला

रायपुर (ईएमएस)।

आईपीएल में बुधवारा को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से होगा। आरसीबी का लक्ष्य इस मैच को जीतकर प्लेऑफ में जगह बनाना रहेगा। अंक तालिका में आरसीबी 14 अंक लेकर शीर्ष स्थान पर है। वहीं केकेआर 9 अंक लेकर काफी पीछे हैं और प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रही है। इस मैच में अगर केकेआर हारी तो प्लेऑफ से बाहर हो जाएगी। दोनो ही टीमों की तुलना करें तो आरसीबी का इस सत्र में प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। वहीं केकेआर के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है। आरसीबी के पास बल्लेबाजी में कप्तान रजत पाटीदार के अलावा अनुभवी बल्लेबाज



विराट कोहली और फिल साल्ट जैसे खिलाड़ी हैं। वहीं गेंदबाजी में भुवनेश्वन कुमार, जैस हेजलवुड और रोमारियो शेफर्ड हैं। टीम के पास क्रुणाल पांड्या जैसा ऑलराउंडर है। क्रुणाल ने इस सत्र में गेंद और बल्ले से काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं आजिंक्य रहाणे की कप्तानी वाली केकेआर के पास अंगकृष रघुवंशी, रिंकू सिंह, सुनील नरेन के अलावा , कैमरन ग्रीन जैसा ऑलराउंडर है। उसकी गेंदबाजी की कमान स्पिनर वरुण चक्रवर्ती, कार्तिक त्यागी के पास रहेगी। टीम के पास ऑलराउंडर के तौर पर सुनील नरेन और रोवमैन पॉवेल जैसे खिलाड़ी हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो अब तक दोनो के बीच 36 मुकाबले हुए हैं। इसमें से केकेआर ने 20 जबकि आरसीबी ने 15 जीते हैं। वहीं एक मैच का परिणाम नहीं निकला।

### दोनो ही टीमों के संभावित अंतिम ग्यारह

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू: विराट कोहली, जैकब बैथल/फिल साल्ट, रजत पाटीदार (कप्तान), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, सुयश शर्मा, रसिख सलाम डार।

### इम्पैक्ट प्लेयर देवदत्त पडिक्कल

कोलकाता नाइट राइडर्स: अजिंक्य रहाणे (कप्तान), अंगकृष रघुवंशी (विकेटकीपर), कैमरन ग्रीन, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, रिंकू सिंह, सुनील नरेन, अनुकूल रॉय, कार्तिक त्यागी, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती

# दिल्ली कैपिटल्स की जीत से पंजाब किंग्स सहित तीन टीमों की प्लेऑफ की संभावनाओं को झटका

मुम्बई (ईएमएस)। आईपीएल में दिल्ली कैपिल्स की पंजाब किंग्स के खिलाफ हुई जीत के बाद तीन टीमों पंजाब किंग्स, चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और राजस्थान रॉयल्स की प्लेऑफ की उम्मीदों को झटका लगा है। इस जीत के बाद दिल्ली कैपिटल्स 12 मैचों में 10 अंकों के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गई है। इससे प्लेऑफ में अपनी जगह बनाने के लिए उन्हें अब अपने बाकी बचे दोनो मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे ताकि उनका रन रेट भी बेहतर रहे। राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ होने वाले अपने अगले दो मैच जीतकर वे अधिकतम 14 अंकों तक पहुंच सकते हैं पर उन्हें प्लेऑफ के लिए जीत के साथ ही अंतर बड़ा रखना होगा। जिससे उनका नेट रन रेट जो अभी -0.993 है बेहतर हो सके। वहीं इससे तीन अन्य टीमों पंजाब किंग्स, चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स



की उम्मीदों को झटका लगा है। चेन्नई और राजस्थान दोनों के पास 12-12 अंक हैं, जबकि पंजाब के पास 13 अंक हैं। इन सभी टीमों के पास अभी 3-3 मैच बचे हुए हैं। अंतिम क्वालीफाई स्थान के लिए अब मुकाबला कठिन क्योंकि अंकों के बराबर होने की प्रबल संभावना है। ऐसे में दिल्ली को अपने प्रतिद्वंद्वियों से आगे निकलने के लिए न केवल जीत दर्ज करनी होगी, बल्कि अंतर भी बड़ा रखना होगा जिससे कि नेट रन रेट बेहतर दिखे। इसके अलावा उसे अन्य मैचों के परिणामों पर भी नजर रखनी होगी। उसे उम्मीद करनी होगी कि पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स जैसी टीमें अपने बचे कुछ मैच हार जाये जिससे वह 14 अंकों तक ही पहुंच पायें। यदि शीर्ष टीमें लगातार अंक हासिल करती रहीं तो क्वालीफिकेशन का कटऑफ स्तर 16 अंकों तक पहुंच सकता है, जिससे दिल्ली का सत्र यहीं समाप्त हो जाएगा।

# दिल्ली कैपिटल्स धर्मशाला में 200 से अधिक लक्ष्य हासिल करने वाली पहली टीम बनी

धर्मशाला (ईएमएस)। अक्षर पटेल की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स यहां हुए आईपीएल मुकाबले में पंजाब किंग्स को हराकर एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। इस जीत के साथ ही जहां दिल्ली के प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाएं बनी हुई हैं। वहीं धर्मशाला के मैदान पर 200 से अधिक रनों का लक्ष्य हासिल करने वाली वह पहली टीम भी बन गयी है। दूसरी ओर पंजाब किंग्स को इस हार से करारा झटका लगा है और उसके प्लेऑफ में पहुंचने की राह भी बाधित हुई है। धर्मशाला के एचपीसीए मैदान में 211 रनों के विशाल लक्ष्य को दिल्ली ने सात विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस मैच में दिल्ली ने दबाव के हालातों का बेहतर तरीके से सामना किया। यह जीत दिल्ली कैपिटल्स के लिए काफी अहम है। आईपीएल इतिहास में धर्मशाला में इस मैदान पर पहली बार किसी ने 200 से अधिक रन बनाये हैं। इससे पहले साल 2010 में चेन्नई सुपर किंग्स ने किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ 193 रन बनाकर जीत हासिल की थी। इसके साथ ही, यह आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले उसने विशाखापत्तनम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 210 रन का पीछा किया था। इस मैच में लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की शुरुआत अच्छी नहीं रही पर टीम ने अच्छी वापसी की। कप्तान अक्षर पटेल ने 30 गेंदों में 56 रन बनाये। डेविड मिलर के साथ मिलकर उन्होंने 64 रन जोड़े। अंत में, आशुतोष शर्मा और माधव तिवारी ने अच्छी पारियां खेलकर जीत हासिल की।

वहीं इससे पहले, पंजाब किंग्स ने ओपनर प्रियांश

# पंड्या की जगह पर बुमराह को कप्तान बनाये मुम्बई : मांजरेकर

मुम्बई (ईएमएस)।

मुम्बई इंडियंस के आईपीएल के 19 सत्र से बाहर होने के बाद से ही टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या प्रशंसकों के निशाने पर हैं। प्रशंसकों ने टीम के खराब प्रदर्शन को देखते हुए हार्दिक को कप्तानी से हटाने की मांगे की है। इस सत्र में मुम्बई इंडियंस केवल तीन ही मैच जीती है। पूर्व क्रिकेटर ओर कमेंटेटर संजय मांजरेकर ने किा है कि हार्दिक की जगह पर जसप्रीत बुमराह को कप्तान बनाया जाना चाहिये।

मांजरेकर ने कहा कि फ्रेंचाइजी को अपने नेतृत्व पर पुनर्विचार करते हुए अनुभवी तेज गेंदबाज बुमराह को टीम की कप्तानी संभालने का अवसर देना चाहिये। मांजरेकर ने कहा कि मैं बुमराह को भारत की कप्तानी करते देखना चाहता हूं, क्योंकि मुझे नहीं लगता कि कोई भी खेल को उनके जितना बेहतर समझता है, उनकी गेंदबाजी में केवल एक्शन ही नहीं, बल्कि पूर्वानुमान, बल्लेबाज को पढ़ना, स्थिति को समझना और पिच को जानना भी शामिल है। उन्हें भारतीय



टीम की कप्तानी तो नहीं मिली पर आईपीएल में जरुर मिलनी चाहिये। मांजरेकर ने कहा कि जब मुम्बई ने हार्दिक को शामिल किया था, तभी उन्हें कोच आशीष नेहरा को भी ले लेना चाहिये था।

हार्दिक और नेहरा ने गुजरात टाइटंस में एक सफल साझेदारी बनाई थी। मांजरेकर के अनुसार उन्हें हार्दिक पांड्या के अलावा किसी और विकल्प पर भी विचार करना होगा क्योंकि उनकी कप्तानी सफल नहीं रही है। मांजरेकर के अनुसार टेस्ट कप्तान की तुलना में आईपीएल में कप्तानी करना बुमराह के लिए अपेक्षाकृत आसान होगा। इसका कारण है कि इसमें अधिक दबाव नहीं रहता है।

# विश्वकप 2027 के लिए भारतीय टीम में जगह बनाना चाहते हैं क्रुणाल

मुम्बई (ईएमएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19 वें सत्र में रॉयल चैलेंसर्स की ओर से शानदार प्रदर्शन कर रहे क्रुणाल पांड्या का कहना है कि उनका लक्ष्य 2027 एकदिवसीय विश्वकप के लिए टीम में जगह बनाना है। पांड्या का प्रदर्शन आईपीएल में गेंद और बल्ले दोनो ही अच्छा रहा है। ऐसे में उन्हें उम्मीद है कि चयनकर्ता विश्वकप के लिए उनके नाम पर भी विचार करेंगे। इस क्रिकेटर के अनुसार उनका लक्ष्य केवल आईपीएल में ही अच्छा प्रदर्शन करना नहीं है। उनकी नजरें 2027 एकदिवसीय विश्व कप में अवसर मिलने पर बेहतर खेल दिखाना है। विश्व कप दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में आयोजित किया जाएगा। क्रुणाल ने मुम्बई इंडियंस के खिलाफ 73 रन बनाकर आरसीबी की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। पांड्या ने साल 2027 विश्व कप में खेलने और राष्ट्रीय टीम में वापसी की अपनी इच्छा जतायी। उन्होंने कहा, जब मैं 6-7 साल का था, तो मैं देश के लिए खेलना चाहता था। अभी भी, यही लक्ष्य है। अगले साल विश्वकप होने वाला है। जिसके लिए मैं जगह बनाना चाहता हूं। मुझे उम्मीद है



किमैं अच्छा करता रहूंगा। साथ ही कहा कि अगर मुझे अवसर मिलता है तो ये मेरे परिवार के लिए विशेष अवसर होगा। क्रुणाल करीब पांच साल से टीम से बाहर हैं। जुलाई 2021 में उन्हें अंतिम बार अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने का अवसर मिला था। अब तक उन्होंने 5 एकदिवसीय और 19 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। 5 एकदिवसीय मैचों में उन्होंने 65 के प्रभावशाली औसत और 101.56 के स्ट्राइक रेट से 130 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 58 रन हैथा। वहीं घरेलू क्रिकेट में उनका प्रदर्शन सराहनीय रहा है। लिस्ट ए क्रिकेट में, उन्होंने 98 मैचों में 3001 रन बनाए हैं, जिसमें उनका औसत 38.47 और स्ट्राइक रेट 88.03 रहा है। इस दौरान उन्होंने 3 शतक और 17 अर्धशतक भी लगाये हैं।

# गावस्कर को पंजाब और बेंगलुरु के बीच फाइनल होने की उम्मीद

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि इस बार पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) आईपीएल फाइनल में पहुंचेगी। गावस्कर के अनुसार खेल में मिली हार भी कभी-कभी किसी टीम के लिए लाभदायक साबित होती है, इसलिए पिछले एक दो मैचों में हार से भी पंजाब की दावेदारी कमजोर नहीं हुई है । उन्होंने कहा, मैं अब भी पंजाब किंग्स का समर्थन करूंगा। कई बार कुछ हार टीम को बेहतर तरीके से अपने को तैयार करने का अवसर देती हैं। इससे खिलाड़ी भी अति आत्मविश्वास से बचते हैं। उन्होंने कहए कि दिल्ली कैपिटल्स के पास भी इस सत्र में जीत के कई अवसर थे पर उसने उन्हें गंवा दिया। पंजाब किंग्स इससे सबक लेते हुए अब कोई गलती नहीं करना चाहेगी।

पंजाब किंग्स ने सत्र की शुरुआत से ही प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए शुरुआती सात मैचों में जीत हासिल की थी। हालांकि, इसके बाद टीम को लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा है पर इसके बाद भी 13 अंकों के साथ टीम अभी भी प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है। वहीं आरसीबी ने हाल



ही में मुंबई इंडियंस के खिलाफ एक रोमांचक मुकाबले में आखिरी गेंद पर दो विकेट से जीत दर्ज कर समीकरण पूरी तरह बदल दिए हैं। इस महत्वपूर्ण जीत के साथ, आरसीबी अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंच गई है, उसने 11 मैचों में अपनी सातवीं जीत हासिल की और प्लेऑफ की ओर मजबूती से कदम बढ़ाए हैं। दूसरी ओर, मुंबई इंडियंस बाहर हो गयी है। गावस्कर ने मुंबई इंडियंस के बाकी बचे मुकाबलों को लेकर कहा, टी200 क्रिकेट में उतार-चढ़ाव आम बात है। सत्र समाप्त खत्म होने के बाद टीम को अपनी गलतियों का आंकलन चाहिए। लेकिन फिलहाल मुझे लगता है कि सीनियर खिलाड़ियों ने अपना पूरा योगदान दिया है। उन्होंने सुझाव दिया, अब बाकी मैचों में युवा खिलाड़ियों को मौका देना सही रहेगा।

# मिचेल मार्श की कप्तानी में पाकिस्तान और बांग्लादेश का दौरा करेगी ऑस्ट्रेलियाई टीम

सिडनी (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम मिचेल मार्श की कप्तानी में पाकिस्तान और बांग्लादेश का दौरा करेगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने अब तक टी20 टीम की कप्तानी कर रहे मार्श को अब एकदिवसीय की भी कमान सौंपी है। ऑस्ट्रेलियाई टीम इस माह पाकिस्तान में तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेलेगी। इसके बाद उसे बांग्लादेश में तीन एकदिवीसय और तीन टी20 मैचों की सीरीज खेलनी है।

ऑस्ट्रेलियाई टीम के कई खिलाड़ी अभी आईपीएल खेलने में व्यस्त हैं। ऐसे में मार्श को अवसर दिया गया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम पाकिस्तान में तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज जबकि बांग्लादेश में 3-3 मैचों की एकदिवसीय और टी20 सीरीज खेलेगी। मार्श की टीम लखनऊ सुपरजायंटस आईपीएल से पहले ही बाहर हो गयी है। ऐसे में मिचेल पूरे समय के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए उपलब्ध रहेंगे और इस कारण से भी उन्हें कप्तानी मिली है। वहीं, नियमित कप्तान पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क जैसे कई प्रमुख खिलाड़ी आईपीएल की व्यस्तताओं के चलते इन दौरों से बाहर रहेंगे। ये खिलाड़ी 31 मई तक



आईपीएल में व्यस्त रह सकते हैं। मार्श के अलावा जोश इंग्लिस भी तीनों दौरों के लिए उपलब्ध हैं, क्योंकि उनकी आईपीएल टीम लखनऊ सुपर जायंट्स भी प्लेऑफ से बाहर हो गई है। हालांकि, कैमरून ग्रीन, जिनकी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स अभी भी प्लेऑफ की दौड़ में है चयन समिति ने उन्हें टीम में जगह दी है। वहीं युवा प्रतिभाओं को अवसर देते हुए, अंडर-19 टीम के कप्तान ओली पीक को पाकिस्तान दौरे के लिए वनडे टीम में शामिल किया गया है। वह बांग्लादेश दौरे का हिस्सा नहीं होंगे, क्योंकि आईपीएल में शामिल अन्य खिलाड़ी तब तक टीम से जुड़ जाएंगे। ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोइनिस, जो एकदिवसीय क्रिकेट से अलविदा कह चुके हैं, को टी20 टीम में जगह नहीं मिली है। इसके अलावा अनुभवी स्टीव स्मिथ भी इस बार टीम से बाहर हैं।

# तारा और वीर का रिश्ता खत्म



अभिनेत्री तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया के रिश्ते के टूटने को लेकर अब नई जानकारी सामने आई है। साल 2025 की शुरुआत में दोनों ने अपने रिश्ते को सार्वजनिक किया था और अक्सर साथ नजर आते थे, लेकिन कुछ समय बाद उनके ब्रेकअप की खबरें चर्चा में आ गईं। दोनों की जोड़ी को लेकर सोशल मीडिया पर भी काफी चर्चा रही, खासकर एक म्यूजिक कॉन्सर्ट के बाद जब एक वायरल वीडियो ने अफवाहों को और हवा दी थी। हालांकि, बाद में वीर पहाड़िया ने इन खबरों को गलत बताया था, लेकिन कुछ समय बाद दोनों के अलग होने की पुष्टि हो गई, जिससे उनके फैंस निराश हुए। अब सामने आ रही रिपोर्ट्स के अनुसार, तारा सुतारिया के कथित रूप से डोमिनेटिंग व्यवहार को रिश्ते टूटने की एक बड़ी वजह बताया जा रहा है। एक सूत्र के मुताबिक, तारा अपने साथी पर काफी नियंत्रण रखना चाहती थीं और उनके आसपास की कई चीजों को अपने अनुसार मैनेज करने की कोशिश करती थीं। बताया गया कि वे यहां तक कि वीर की निजी चीजों और दिनचर्या पर भी काफी ध्यान रखती थीं। हालांकि दोनों के बीच गहरा लगाव था, लेकिन धीरे-धीरे यह दबाव रिश्ते पर भारी पड़ने लगा। इसके बाद दोनों के बीच दूरियां बढ़ती गईं और अंततः उनका रिश्ता खत्म हो गया।

# प्रेग्नेंसी में करिश्मा का रॉयल अंदाज

टीवी अभिनेत्री करिश्मा तन्ना इन दिनों अपनी प्रेग्नेंसी का समय खूब एन्जॉय कर रही हैं और सोशल मीडिया पर लगातार अपनी खूबसूरत तस्वीरें साझा कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने एक ट्रेडिशनल लुक में तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें वह बेहद आकर्षक नजर आईं और उनके प्रेग्नेंसी ग्लो ने उनकी सुंदरता को और बढ़ा दिया। तस्वीरों में करिश्मा ने रॉयल पिंक साड़ी पहनी हुई है, जिस पर सुनहरे बूटी का बारीक काम किया गया है। लाल बॉर्डर और एक शानदार गोल्डन स्लीवलेस ब्लाउज ने उनके पारंपरिक लुक को और भी शानदार बना दिया। उनका यह मोहक अंदाज फैंस को काफी पसंद आ रहा है और वे जमकर उनकी तारीफें कर रहे हैं। ज्वेलरी की बात करें तो उन्होंने कुंदन और मोतियों से सजा एक भारी चोकर नेकलेस पहना है, जो उनके पूरे लुक का मुख्य आकर्षण था। साथ ही मैचिंग झुमके, एक चौड़ा कड़ा और स्टेटमेंट रिंग्स उनके लुक को पूरी तरह रॉयल बना रहे थे। उन्होंने अपने बालों को जूड़े में बांधकर उस पर फूलों की खूबसूरत सजावट की है, जबकि हल्का मेकअप और एक छोटी बिंदी उनके चेहरे के आकर्षण को और निखार रही थी। करिश्मा की ये तस्वीरें दिखाती हैं कि प्रेग्नेंसी में भी स्टाइल और ग्लैमर को बखूबी बरकरार रखा जा सकता है।



### संभागायुक्त सिंह की अध्यक्षता में सिंहस्थ 2028 के निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

# सिंहस्थ कार्यों को पूर्ण करने के लिए सभी विभाग प्राथमिकता तय करें- संभागायुक्त

**उज्जैन।** उज्जैन संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने सिंहस्थ 2028 के निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्माण कार्य कराने वाले अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी दिनों में वर्षा ऋतु प्रारंभ होना है। वर्तमान समय महत्वपूर्ण है इस दौरान सिंहस्थ के निर्माणाधीन कार्यों को पूर्ण करने के लिए सभी विभाग अपनी प्राथमिकता तय कर लें। जहां भी कार्य की गति धीमी है वहां अन्य टीमें लगाकर कार्य की गति तेज करें और परिणाम दें। बैठक में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह भी मौजूद थे।



सिंहस्थ मेला कार्यालय के सभागार में सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत प्रचलित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संभागायुक्त आशीष सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में स्मार्ट सिटी, नगर निगम और उज्जैन विकास प्राधिकरण के प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान स्मार्ट सिटी द्वारा निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा करते हुए महाकालेश्वर मंदिर के समीप प्रचलित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। संभागायुक्त सिंह ने निर्देश दिए कि आगे बारिश के मौसम के साथ ही श्रावण का महीना भी प्रारंभ हो जाएगा। ऐसे में महाकाल मंदिर के आसपास निर्माणकार्यों की गति बढ़ाकर श्रावण माह के पहले कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य तय करें।

बैठक में खजूर वाली मस्जिद से केडी गेट तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य की प्रगति की जानकारी दी गई। इसी तरह नगर निगम के माध्यम से नक्षत्र होटल से पंचमुखी हनुमान मंदिर तक सीमेंट कांक्रीट रोड़ निर्माण कार्य की जानकारी देते हुए बताया गया कि मार्ग निर्माण के पहले सिवरेज लाईन का कार्य प्रगतिरत है। संभागायुक्त सिंह ने समीक्षा बैठक के दौरान सभी विभागों को निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के पहले के यह डेढ़ माह का समय अत्यंत महत्वपूर्ण है। इन दिनों में कार्यों की प्राथमिकता तय कर बारिश के पहले किए जाने वाले कार्य पूर्ण कराए जाए।

### चौड़ीकरण कार्य में तीन टीम बनाकर तेजी से कार्य करें

नगर निगम द्वारा कंठाल चौराहा से सतीगेट तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद मार्ग के दोनों ओर नाली निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाए। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि आगामी बैठक के पहले कंठाल चौराहा से सतीगेट तक नाली निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाए। नगर निगम द्वारा पानी की टंकी से ढाबारोड़ रोड की और मार्ग चौड़ीकरण कार्य के अंतर्गत पेयजल की लाईन जोड़ने और पोल शिफ्टिंग का कार्य प्रगतिरत है। इसी तरह टंकी चौक से ढाबारोड़ सत्यनारायण मंदिर तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य में तेजी लाने के लिए संभागायुक्त सिंह ने निर्देश दिए कि 03 अलग-अलग टीमें लगाकर कार्य की गति बढ़ाई जाए।

संभागायुक्त सिंह ने निर्देश दिए कि सभी विभागीय अधिकारी प्रगतिरत कार्यों के लिए मौके पर स्थिति देखकर वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र पूर्ण करने का लक्ष्य तय कर लें। छोटी-छोटी समस्याओं के लिए कार्य की प्रगति को प्रभावित न होने दें।

संभागायुक्त सिंह ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा का ध्यान रखने और निर्माण क्षेत्र में आवश्यक बेरिकेडिंग लगाकर सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।बैठक में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी गोपाल डाड, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, यूडीए सीईओ संदीप सोनी, स्मार्ट सिटी सीईओ संदीप सोनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

## »न्यूज ब्रीफ

### संभागायुक्त सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कांफ्रेंस आज

**उज्जैन।** संभागायुक्त आशीष सिंह की अध्यक्षता में उज्जैन संभाग के समस्त जिलों के कलेक्टर्स की कांफ्रेंस बुधवार 13 मई को पूर्वान्ह 11 बजे से प्रशासनिक संकुल भवन के द्वितीय तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में समस्त सीईओ जिला पंचायत और विभिन्न विभागों के संभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा जिले के 3,117 विद्यार्थियों को प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत ल य के लिए 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

### फिल्म एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया महाकाल मंदिर पहुंचीं



**उज्जैन।** साउथ और बॉलीवुड इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री तमन्ना भाटिया मंगलवार तड़के श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचीं। उन्होंने भगवान महाकाल की भस्म आरती में शामिल होकर बाबा का आशीर्वाद लिया। तड़के करीब 3 बजे मंदिर पहुंचीं तमन्ना भाटिया नंदी हाल में बैठकर भक्ति भाव से भस्म आरती में शामिल हुईं। इस दौरान वे मस्तक पर चंदन लगाए पूरी तरह बाबा महाकाल की भक्ति में लीन नजर आईं। करीब दो घंटे तक उन्होंने भस्म आरती का दिव्य नजारा देखा।आरती के बाद अभिनेत्री ने नंदीजी का पूजन-अभिषेक किया और नंदी के कान में अपनी मनोकामना कही। इसके बाद चांदी द्वार से भगवान महाकाल को पुजारी के हाथों जल अर्पित कर आशीर्वाद लिया। भस्म आरती के बाद तमन्ना ने कहा, आज भगवान ने मुझे बुलाया था।

### जिले में तहसील कोठीमहल का जनगणना कार्य सबसे पहले पूर्ण

**उज्जैन।** उज्जैन जिले की कोठीमहल तहसील जिले में जनगणना वर्ष 2027 अंतर्गत प्रथम चरण का कार्य पूर्ण करने वाली पहली तहसील बन गई है। जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण, भवन गणना का कार्य डोर टू डोर किया जा रहा है जिसके लिए 1 मई से 30 मई तक का समय निर्धारित किया गया है जिसे कोठीमहल तहसील ने प्रारंभिक 12 दिवस में ही पूर्ण कर लिया। इस कार्य के लिए तहसील को 18 एच एल बी ब्लॉक में बांटा गया था। प्रत्येक ब्लॉक के लिए एक-एक प्रगणक इस प्रकार कुल 18 प्रगणक एवं 3 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए थे। जिनके द्वारा पिछले 12 दिनों से फील्ड पर जाकर लगातार कार्य किया जा रहा था । सुपरवाइजर एवं प्रगणकों के आपसी तालमेल एवं प्रगणकों के शानदार फील्ड वर्क के कारण जनगणना 2027 के प्रथम चरण का कार्य समय सीमा से पहले ही शतप्रतिशत पूर्ण किया। इस दौरान मकान सूचीकरण कार्य के दौरान प्रगणकों के द्वारा क्षेत्र में आने वाले 3958 भवनों को चिन्हित किया गया और उनके संबंध में शासन के निर्देशानुसार आवश्यक जानकारी जनगणना एप पर भवन मालिक या किराएदार से पूछताछ कर दर्ज की गई।

### सभी 65 चिन्हांकित घाटों के प्रवेश- निर्गम स्थानों को एप्रोच मार्गों से जोड़ा जाएगा

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सिंहस्थ 2028 की तैयारियां तेज गति से जारी हैं। विश्वस्तरीय स्वरूप देने के लिए आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सिंहस्थ 2028 में लगभग 30 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं का आगमन संभावित है। श्रद्धालुओं की सुविधा दृष्टिगत रखते हुए मोक्षदायिनी मां शिप्रा नदी के बाएं तट पर लगभग 14.5 किलोमीटर लंबाई के नवीन घाटों का निर्माण किया जा रहा है। एप्रोच मार्गों पर निर्धारित पार्किंग स्थलों पर वाहन पार्क कर श्रद्धालु सुगमता से घाट पहुंचकर स्नान कर सकेंगे। शिप्रा नदी के बाएं तट के नवीन घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षित और व्यवस्थित पहुंच सुनिश्चित करने के लिए संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देशन में 65 एंट्री-एग्जिट स्थान चिन्हित किए गए हैं। इन सभी स्थानों को एप्रोच मार्गों से जोड़ा जाएगा, जिससे करोड़ों स्नानार्थियों को घाट तक पहुंचने में सुविधा होगी।

### आबकारी विभाग ने 10 जगह पर मारे छापे

# लाखों की अवैध शराब पकड़ाई आठ प्रकरण दर्ज किए



**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निर्देशानुसार आज नियंत्रण कक्ष प्रभारी देवेश चतुर्वेदी एवं उप प्रभारी मनोज अग्रवाल के मार्गदर्शन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी अशोक खत्री, गोपाल यादव, जहांगीर खान, धर्मेंद्र जोशी, सी.के. साहू, पवन टिकेकर एवं कमलेश सोलंकी के नेतृत्व में जिला इंदौर के आबकारी स्टाफ द्वारा वृत्त महू ब क्षेत्र में अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान महू क्षेत्र के भौंडिया तालाब, गवली पलासिया, बंजारी, भाटखेड़ी एवं अन्य स्थानों पर दबिश दी गई। कार्यवाही में कुल 10 छापों के दौरान 8 प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत पंजीबद्ध किए गए। कार्यवाही के दौरान 210 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 1800 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया गया। महुआ लहान के सैंपल लेकर शेष सामग्री को मौके पर नष्ट किया गया। जप्त मदिरा, महुआ लहान लगभग 2 लाख 22 हजार रुपए है। उक्त कार्यवाही आबकारी उपनिरीक्षक सुनील मालवीय, सुमीना माल, सुमीरा सिंह, सुत्रिअंबिका शर्मा, सुकृतिका द्विवेदी एवं सुजया मुजाल्दे का सराहनीय योगदान रहा।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में बनाये गए 14 हीट स्ट्रोक क्लिनिक

**इंदौर।** ग्रीष्म ऋतु में तापमान बढ़ने और गर्म हवा लगने से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती है। वृद्ध, बच्चे, खिलाड़ी, धूप में काम करने वाले श्रमिक सर्वाधिक खतरे में रहते हैं। पसीना न आना, गर्म-लाल एवं शुष्क त्वचा, मतली, सिरदर्द, थकान, चक्कर आना, उल्टियां होना, बेहोश हो जाना एवं पुतलियां छोटी हो जाना अत्यधिक गर्मी से प्रभावित होना व तापघात के प्रमुख लक्षण एवं संकेत हैं। गर्मी व तापघात से बचाव के लिए खूब पानी पिएं व खाली पेट न रहें, शराब व चाय-कॉफी के अधिक सेवन से बचें, ठण्डे पानी से नहाएं, सर ढके व हल्के रंग के ढीले व पूरी बांह के कपड़े पहने, बच्चों को बंद वाहनों में अकेला न छोड़े, दिन में 12 से 04 के मध्य बाहर जाने से बचें, धूप में नंगे पाँव न चलें, बहुत अधिक भारी कार्य न करें। नागरिकों से अपील की गई है कि बाहर निकलना आवश्यक हो तो छतरी का उपयोग करें, धूप में निकलने से पहले कम से कम दो गिलास पानी अवश्य पीए, बुखार व तापघात होने पर निकट के अस्पताल में संपर्क कर आवश्यक दवा का उपयोग सुनिश्चित करें।

### सेंट्रल जेल क्वार्टर में महिला से रेप

**उज्जैन।** भैरवगढ़ सेंट्रल जेल परिसर स्थित सरकारी क्वार्टर में रहने वाली एक महिला ने जेल प्रहरी के बेटे पर दुष्कर्म, मारपीट और धमकी देने के आरोप लगाए हैं। मामले में भैरवगढ़ थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भैरवगढ़ सेंट्रल जेल में पदस्थ एक प्रहरी अपने परिवार के साथ जेल क्वार्टर में रहता है। उसके सामने अन्य प्रहरी सत्यनारायण सक्सेना का परिवार रहता है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि प्रहरी का बेटा आयुष सक्सेना पिछले तीन वर्षों से उसे ब्लैकमेल कर दुष्कर्म कर रहा था। महिला का कहना है कि आरोपी उसे लगातार धमकाता था और विरोध करने पर बदनाम करने की बात कहता था। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट भी की। भैरवगढ़ थाना पुलिस के मुताबिक सोमवार शाम महिला थाने पहुंची और आरोपी आयुष सक्सेना के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर महिला का मेडिकल परीक्षण कराया गया है तथा आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट और धमकी सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी फिलहाल फरार है और उसकी तलाश की जा रही है।

# चरक भवन अस्पताल में लिफ्ट बंद होने से मरीज परेशान

**उज्जैन।** चरक भवन स्थित अस्पताल में लिफ्ट बंद होने से मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को मरीजों को रैंप के सहारे ऊपर-नीचे ले जाया जा रहा है। अस्पताल की कुल 10 लिफ्टों में से अधिकांश बंद होने के कारण व्यवस्था प्रभावित हो रही है, जबकि डॉक्टरों और स्टाफ के उपयोग के लिए दो लिफ्टें चालू रखी गई हैं। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार लिफ्टों के बंद होने का कारण रखरखाव और सिविल कार्य है। उधर मरीजों और उनके परिजनों को घंटों तक इंतजार करना पड़ा, वहीं बुजुर्ग और गंभीर मरीजों को रैंप के जरिए ले जाने में काफी दिक्कतें आईं।

अस्पताल प्रबंधक हिमानी चौहान ने बताया कि स्टाफ के लिए अंदर की लिफ्टें चालू हैं, जबकि अन्य लिफ्टों पर मरम्मत और तकनीकी कार्य जारी है। वहीं आरएमओ डॉ. चिन्मय चिचौलीकर ने जानकारी दी कि कुल 10 लिफ्टों में से 7 को चालू स्थिति में लाया जा चुका था, लेकिन इनमें से एक लिफ्ट में फिर से तकनीकी खराबी आ गई। उन्होंने बताया कि अस्पताल के सामने की तीन लिफ्टों में बेसमेंट स्तर पर सिविल कार्य और भराव का काम चल रहा है। इस कार्य को पूरा होने में करीब 15 दिन लगेंगे, जबकि इलेक्ट्रिकल कार्य में लगभग एक सप्ताह का अतिरिक्त समय लगेगा। ऐसे में सभी लिफ्टों को पूरी तरह चालू होने में 20 से 21 दिन लग सकते हैं।



### अब चरणबद्ध तरीके से कराएंगे सर्विसिंग

आरएमओ डॉ. चिचौलीकर ने कहा कि लिफ्टों की सर्विसिंग और हैंडओवर की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने संबंधित एजेंसी को निर्देश दिए हैं कि आगे से लिफ्टों की मरम्मत और सर्विसिंग चरणबद्ध तरीके से की जाए, ताकि एक साथ कई लिफ्टें बंद न हों और मरीजों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

# अवैध क्लिनिक, अस्पताल एवं स्वास्थ्य संस्थानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी



**उज्जैन।** जिला उज्जैन में अवैध रूप से संचालित क्लिनिक, अस्पताल एवं स्वास्थ्य संस्थानों के विरुद्ध लगातार सघन जाँच एवं कार्यवाही की जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल के निर्देशन में गठित विशेष जाँच दल द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है, ताकि आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध हो सकें।

10 एवं 11 मई 2026 को विभाग द्वारा गठित जाँच दल ने विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण किया। कुल 38 स्थानों पर जाँच की गई, जिनमें केवल 8 पंजीकृत पाए गए, जबकि 30 अपंजीकृत (अवैध) संस्थान पाए गए।निरीक्षण के दौरान कई स्वास्थ्य संस्थान बिना वैध पंजीयन, आवश्यक अनुमति एवं निर्धारित मापदंडों के विरुद्ध संचालित पाए गए। इन संस्थानों द्वारा मध्यप्रदेश उपचार्य गृह तथा रजोपचार संबंधी स्थापना अधिनियम 1973 के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया, जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए अवैध अस्पतालों एवं क्लिनिक संचालकों को नोटिस जारी किए गए। कई संस्थानों को सील भी किया गया। आवश्यकता अनुसार दस्तावेज जाँच, पंजीयन सत्यापन एवं अन्य वैधानिक कार्यवाही भी की जा रही है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने आमजन से अपील की है कि उपचार हेतु केवल पंजीकृत एवं अधिकृत अस्पतालों एवं क्लिनिकों में ही जाएँ। किसी भी अवैध स्वास्थ्य संस्थान की जानकारी मिलने पर तुरंत स्वास्थ्य विभाग को सूचित करें।उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध स्वास्थ्य संस्थानों के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी, ताकि मरीजों के स्वास्थ्य एवं जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# 2367 वकील करेंगे मतदान शहर से चार उम्मीदवार मैदान में



**उज्जैन।** कोर्ट में मंगलवार को मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव के लिए मतदान प्रक्रिया शुरू हो गई। सुबह 10 बजे से मतदान जारी है, जो शाम 5 बजे तक चलेगा। इस दौरान करीब 2367 अधिवक्ता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। प्रदेशभर में अधिवक्ता परिषद के सदस्यों के चयन के लिए चुनाव कराए जा रहे हैं। कोर्ट परिसर के बाहर प्रत्याशियों द्वारा मतदान को लेकर अधिवक्ताओं को प्रेरित करने की भी व्यवस्था की गई थी। महिला अधिवक्ता भी बड़ी संख्या में मतदान के लिए पहुंचीं। कोर्ट परिसर में मतदान के लिए तीन हॉल बनाए गए हैं। गर्मी को देखते हुए सुबह के समय मतदान केंद्र पर अधिक भीड़ देखी गई। उज्जैन में इस चुनाव में चार प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें संदीप मेहता, आशीष उपाध्याय, अतुल रैना और सुरेंद्र चतुर्वेदी शामिल हैं। बार एसोसिएशन अध्यक्ष ओम सारवान ने बताया कि मुख्य चुनाव अधिकारी विशेष सत्र न्यायाधीश एपीएस चौहान और अन्य न्यायिक अधिकारी शांतिपूर्ण तरीके से मतदान प्रक्रिया संपन्न करा रहे हैं। प्रदेशभर में अधिवक्ता 25 सदस्यों के चयन के लिए मतदान कर रहे हैं। मतदान के बाद मतगणना आगामी चरण में जबलपुर में की जाएगी।

### उज्जैन में यादव समाज से परिवार को किया निष्कासित

# सामाजिक गतिविधियों में शामिल होने पर लगाई रोक, जनसुनवाई में शिकायत लेकर पहुंचा युवक



**उज्जैन।** जिले की बड़नगर तहसील के ग्राम बंगरेड में यादव (अहीर) समाज के एक युवक ने समाज के पंचों पर सामाजिक बहिष्कार, अपमान और मानसिक प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित नरेंद्र यादव ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पहुंचकर जनसुनवाई में कलेक्टर को शिकायत सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वे परिवार सहित धर्म परिवर्तन करने को मजबूर होंगे। नरेंद्र यादव के अनुसार विवाद की शुरुआत डॉक्टर विष्णु प्रसाद यादव के यहां आयोजित एक शादी समारोह से हुई। समारोह में समाज की ओर से लिए गए ?5100 की बजाय ?11 हजार चंदे और धर्मशाला किराए को लेकर समाज के वॉट्सऐप ग्रुप में चर्चा चल रही थी। इसी दौरान नरेंद्र यादव ने ग्रुप में टिप्पणी करते हुए कहा था कि यदि किसी से गलती हुई है तो उसे स्वीकार कर राशि वापस कर देना चाहिए।

### समाजजनों ने फोन पर गालियां दीं

आरोप है कि इस टिप्पणी के बाद समाज के एक पंच के भाई ईश्वरलाल यादव ने उन्हें वॉट्सऐप कॉल कर अपशब्द कहे और समाज छोड़ने तक की बात कही। नरेंद्र का कहना है कि उन्होंने इस व्यवहार की जानकारी समाज के ग्रुप में भी दी, लेकिन किसी सदस्य ने विरोध नहीं किया। इसके बाद अन्य पदाधिकारियों द्वारा भी फोन पर गाली-गलौज और धमकियां देने का आरोप लगाया गया है।

### सामाजिक गतिविधियों में शामिल होने पर लगा दी रोक

पीड़ित युवक का कहना है कि बिना उनका पक्ष सुने और बिना निष्पक्ष बैठक किए समाज के वॉट्सऐप ग्रुप में उनके परिवार को समाज से निष्कासित करने का संदेश जारी कर दिया गया। साथ ही गांव में समाज के कार्यक्रमों और सामाजिक गतिविधियों में उनके परिवार के शामिल होने पर भी रोक लगा दी गई।

### एसपी से भी की शिकायत पर नहीं हुई कार्रवाई

नरेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि समाज की धर्मशाला के किराए और चंदे में कथित वित्तीय अनियमितताओं का विरोध करने के कारण कुछ प्रभावशाली पंच उनसे नाराज हो गए थे। उन्होंने बताया कि मामले की शिकायत पहले एसपी कार्यालय में भी की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बाद में समाज की बैठक हुई, लेकिन उसमें उन्हें बुलाया तक नहीं गया और केवल चंदे की राशि वापस कर मामले को खत्म मान लिया गया।

### वैधानिक कार्रवाई का भरोसा दिलाया

लगातार सामाजिक बहिष्कार और मानसिक प्रताड़ना से परेशान नरेंद्र यादव ने प्रशासन से कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यदि उन्हें समाज में सम्मानजनक स्थान वापस नहीं मिला और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे अदालत का दरवाजा खटखटाने के साथ परिवार सहित मुस्लिम धर्म अपनाने पर भी विचार करेंगे। फिलहाल जिला प्रशासन ने शिकायत को जांच में लेते हुए उचित वैधानिक कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

# कलेक्टरसिंह द्वारा विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह द्वारा मंगलवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई। घट्टिया निवासी सुरेश सौलंकी ने आवेदन दिया कि उनकी पैतृक कृषि भूमि के नामांतरण के लिए उन्होंने आवेदन दिया था परंतु आज दिनांक तक उनकी जमीन का नामांतरण नही किया गया है। इस पर एसडीएम घट्टिया को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। केशव नगर उज्जैन के रहवासियों ने शिकायत की कि कॉलोनी में स्थित शासकीय भूमि पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर अवैध निर्माण कर लिया गया है। यह लोग अपराधिक प्रवृत्ति के है तथा आए दिन स्थानीय रहवासियों को परेशान करते है। इनके द्वारा कई अवैध गतिविधियों को भी संचालित किया जा रहा है। इस पर तहसीलदार उज्जैन शहर को मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।



शहर के दादा भाई नोरोजी नगर वार्ड क्रमांक 23 के लोगों ने आवेदन दिया कि वे काफी लंबे समय से जल संकट की समस्या से जूझ रहे है। उनके क्षेत्र में नलों से पीने का पानी भी अत्यंत कम दबाव से आता है। इस पर नगर पालिका निगम के जोनल अधिकारी को मामले की जांच की शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उज्जैन निवासी पुरुषोत्तम सिंह ने आवेदन दिया कि उनके पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति के द्वारा आवेदक की निजी भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण कर लिया गया है तथा विरोध करने पर आवेदक और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इस पर आयुक्त नगर पालिका निगम को मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार एडीम अत्येंद्र सिंह गुर्जर, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट एवं अन्य अधिकारियों द्वारा विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित. प्रधान संपादक: सुनील वर्मा
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com,